CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 68 | जयपुर, शनिवार 28 मार्च, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | page-8+st

## प्रदेश में महिला और बाल विकास का एक स्वर्णिम अध्याय लिख रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**पिछले सवा दो साल के कार्यकाल में महिला और बाल विकास को लेकर लिए कई बड़े निर्णय और किए कई बड़े नवाचार,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 11 लाख 52 हजार से अधिक गर्भवती महिलाएं लाभांवित, लाड़ो प्रोत्साहन योजना में 6 लाख 53 हजार बालिकाओं को मिली प्रथम किस्त,मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में 2 हजार 991 ऋण आवेदन को मंजूरी,बच्चों के पोषण और संपूर्ण विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्र बने मजबूत**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप प्रदेश में महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में संवेदनशील दृष्टिकोण से काम किया जा रहा है। राज्य सरकार ने इसी क्रम में महिलाओं के सशक्तीकरण, बाल विकास और संरक्षण, पोषण स्तर में सुधार, आंगनबाड़ियों की मजबूती एवं गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया है। राजस्थान में महिलाओं एवं बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध हो इसके लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए है, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सफल क्रियान्वयन से राजस्थान जनवरी 2026 की मासिक रैंकिंग में संपूर्ण देश में प्रथम स्थान पर तथा फरवरी 2026 की मासिक रैंकिंग में द्वितीय स्थान पर रहा। इस योजना में 26 मार्च तक 11 लाख 52 हजार 08 गर्भवती महिलाओं को 553 करोड़ रुपये हस्तांरित किए गए हैं। इसी प्रकार गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं तथा 3 वर्ष तक की आयु के बच्चों में पोषण की स्थिति को सुधारने के लिए मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना का भी सफल संचालन किया जा रहा है। इस योजना में 26 मार्च तक 5 लाख 15 हजार 818 लाभार्थियों को 172 करोड़ 19 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। इस कड़ी में बेटी के जन्म को बढ़ावा देने और उसके सर्वांगीण विकास के लिए लाड़ो प्रोत्साहन योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसमें बेटी के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता 7 किस्तों में दी जाती है।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और महिला पर्यवेक्षकों को मिले स्मार्ट फोन

बच्चों के संपूर्ण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए पोषण के क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। 6 हजार 200 से अधिक मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को मुख्य आंगनबाड़ी केंद्रों में क्रमोन्नत किया गया है। 2 हजार 365 आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। बच्चों की नियमित वृद्धि निगरानी सुनिश्चित करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 21 हजार 367 वजन मशीन (मातृ एवं शिशु हेतु), 31 हजार 694 इन्फेन्टोमीटर (2 वर्ष तक के बच्चों की लम्बाई मापने हेतु) एवं 31 हजार 694 स्टेडियोमीटर (बच्चों की ऊंचाई मापने हेतु) उपलब्ध करवाए गए हैं। इसी प्रकार वर्ष 2025 में 20 हजार 85 स्मार्ट फोन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिला पर्यवेक्षकों को उपलब्ध करवाए गए हैं। 7 हजार 273 नंद घर विकसित किए जा चुके हैं। वहीं, मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के माध्यम से 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में 5 दिन गर्म दूध उपलब्ध करवाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि का महत्वपूर्ण फैसला भी किया गया। राजस्थान में 60 हजार 404 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण भी-पढ़ाई भी के अनुसार शाला पूर्व शिक्षा प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है। वहीं, नवीन शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रदेश में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए उमंग तरंग एवं किलकारी वर्कबुक से शालापूर्व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रेरणा अभियान 2.0 के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगभग 1 लाख 58 हजार नवीन लाभार्थियों को जोड़ा गया है।

### महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं के समाधान के लिए उठाए जरूरी कदम

महिलाओं एवं बालिकाओं की मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं को सुनने तथा परामर्श देने के लिए जिला मुख्यालयों पर पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इसमें अब तक 5 लाख 48 हजार महिलाओं एवं स्कूली बालिकाओं को परामर्श सेवाएं प्रदान की गई हैं। राज्य के समस्त जिलों में संचालित वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्रों) पर अब तक 16 हजार 17 प्रकरणों में महिलाओं को आवश्यक सहायता और परामर्श प्रदान किया जा चुका है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब तक 7 हजार 471 लाभांवित

राजस्थान में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। इसमें अब तक 230.96 करोड़ रुपये के 2 हजार 991 ऋण आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। वहीं, प्रदेश में अमृता हाट का आयोजन कर एसएचजी एवं महिला उद्यमी को भी सहायता उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब तक 7 हजार 471 लाभार्थियों को 20 करोड़ 42 लाख रुपये का अनुदान दिया जा चुका है।

## मोदी के साथ हुए संवाद में भजन लाल शर्मा ने सरकार की प्रभावी तैयारी के बारे में जानकारी दी

*मिडिल स्टिक के युद्ध के बाद तेल संकट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया संवाद, जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव है उन राज्यों के मुख्यमंत्री ने संवाद में हिस्सा नहीं लिया*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार की शाम देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री से मिडिल ईस्ट युद्ध से तेल गैस पेट्रोल संकट के हालातो को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री से गैस, तेल और पेट्रोल के वितरण की व्यवस्थाओं, उपलब्धता, डिमांड और सरकार की ओर से जारी की गई। व्यवस्थाओं इत्यादि के बारे में बातचीत की राज्यों के मुख्यमंत्री ने अपने-अपने राज्यों के हालातो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में स्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में गैस पेट्रोल और डीजल वितरण की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी इसके अलावा सरकार ने समुचित वितरण व्यवस्था के लिए क्या-क्या नए कदम उठाए हैं, क्या-क्या नई व्यवस्थाएं की है इसके बारे में जानकारी दी तथा जमाखोरी कालाबाजारी को रोकने के लिए सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री से पीएम नरेंद्र मोदी के हुए वर्चुअल संवाद में उन राज्यों के मुख्यमंत्री ने आचार संहिता की वजह से हिस्सा नहीं लिया जहां आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव आयोजित होने वाले हैं इसलिए पंजाब केरल असम इत्यादि राज्यों के मुख्यमंत्री ने इस संवाद



कार्यक्रम मे चुनाव आयोग की आचार संहिता के कारण हिस्सा नहीं लिया। प्रधानमंत्री से हुए संवाद में भजन लाल शर्मा ने स्पष्ट तौर पर बताया कि राजस्थान में गैस पेट्रोल और डीजल की व्यवस्था पूरी तरह से कंट्रोल में है किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला प्रशासन रसद विभाग पुलिस डिपार्टमेंट के संयुक्त रूप से गैस तेल और पेट्रोल की वितरण व्यवस्था में जिम्मेदारी सुनिश्चित करने की बात कही और कहा कि प्रदेश में गैस एजेंसी मालिक और एजेंसी कर्मचारी की गतिविधियों पर भी सरकार की ओर से कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा प्रदेश की सभी गैस एजेंसी से नियमित रूप से गैस वितरण से जुड़ी सभी जानकारी और आंकड़ों के बारे में संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों तक रोजाना जानकारी शेयर करना सुनिश्चित किया गया है ।

## मातृछाया उठी : एडीजी हवासिंह घुमरिया की माताजी सरबती देवी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) पद पर कार्यरत हवासिंह घुमरिया की माताजी सरबती देवी (धर्मपत्नी दुर्गा राम घुमरिया) का शुक्रवार को जयपुर में 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके देहावसान से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सरबती देवी एक धर्मपरायण, सरल और आदर्श जीवन मूल्यों को आत्मसात करने वाली महिला थीं। उन्होंने अपने जीवन में संस्कार, सेवा और समर्पण को सर्वोपरि रखा। परिजनों के अनुसार वे सदैव धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहती थीं और समाज में उनका व्यक्तित्व अत्यंत सम्माननीय रहा। उनके स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद ने परिवार को सदैव एकजुट बनाए रखा। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक, सामाजिक एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। अनेक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की कामना की। परिजनों के अनुसार सरबती देवी का अंतिम संस्कार शनिवार, 28 मार्च को प्रातः 9:30 बजे उनके पैतृक गांव ढाणी ढहर वाला, ग्राम पंचायत संजय नगर, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनूं में पूरे रीति-रिवाज के साथ किया जाएगा। उनके निधन से न केवल एक परिवार ने अपनी मातृछाया खोई है, बल्कि समाज ने भी एक स्नेहमयी, प्रेरणादायी एवं संस्कारों से परिपूर्ण व्यक्तित्व को खो दिया है।

## रामनवमी पर दिया कुमारी का कन्या पूजन और फिर पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी प्रदेश की विरासत, सनातन धर्म, तीज, त्यौहार, किलों, स्मारकों, पर्यटन स्थल, लोक नृत्य लोक गायन इत्यादि सभी से दिल से जुड़ी हुई है और हर तीज और त्योहार को बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति के साथ उल्लास से मानती हैं शुक्रवार को भी रामनवमी के दिन दिया कुमारी ने जयपुर स्थित अपने सरकारी आवास पर कन्या भोजन का आयोजन किया। दिया कुमारी ने खुद अपने आवास पर कन्याओं को निमंत्रित किया उनके चरण धोए और उनके अपने हाथों से तिलक लगाया उन्हें खाना खिलाया उन्हें गिफ्ट दिए और अपने ऑटोग्राफ भी कन्याओं को दिए। जिसकी वजह से यहां कन्या भोज में शामिल सभी कन्याएं काफी खुश और उत्साहित दिखाई दी। दिया कुमारी ने सभी कन्याओं से बहुत ही आत्मीय भाव से बातचीत की और अपने हाथों से उन्हें विभिन्न तरह के पकवान परोस कर हाथ जोड़कर कन्याओं से भोजन ग्रहण करने का निवेदन किया। दिया कुमारी के इस तरह के व्यवहार और अतिथियों का आदर भाव देखकर छोटी-छोटी कन्याएं काफी खुश नजर आई । रामनवमी के पर्व पर दिया कुमारी ने अपने सरकारी आवास पर बाकायदा पूजा अर्चना भी की और आवास पर मौजूद सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया । इस



मौके पर शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर दिया कुमारी का सरकारी आवास एक अलग ही अंदाज में दिख रहा था। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते ही दिया कुमारी ने कहा कि हमारे सभी तीज और त्योहार हमारी संस्कृति विरासत का और सनातन धर्म का अभिन्न अंग है हमारे पुरखे लगातार इन्हें उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं और हमें भी इन्हें पूरे उत्साह के साथ मनाना चाहिए क्योंकि अगर हम इन तीज त्योहार को इस तरह से उल्लास के साथ और उत्साह के साथ नहीं मनाएंगे तो फिर बच्चे और युवा हमारी संस्कृति और विरासत को कैसे समझ पाएंगे । एक अन्य सवाल के जवाब में दिया कुमारी ने कहा कि कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ईंधन पेट्रोल डीजल का संकट नहीं आने दिया है सरकार की तैयारी काफी अच्छी है । लेकिन इस वैश्विक संकट के समय हम सबको सरकारी गाइडलाइन का पालन करना चाहिए और सामूहिक रूप से सामूहिक भागीदारी के माध्यम से वैश्विक संकट के समय केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार का पूरा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में भजनलाल सरकार ने तेल गैस पेट्रोल डीजल के वितरण के लिए समुचित व्यवस्था की हुई है और वर्तमान में स्थिति पूरी तरह से नॉर्मल है लोगों को गैस तेल पेट्रोल के लिए किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना करना नहीं पड़ रहा दिया कुमारी ने रामनवमी पर कन्या भोजन के बाद पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की बैठक में देश और विदेश के पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा जैसे विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई पर्यटकों को प्रदेश में किसी भी तरह की असुविधा का सामना करना नहीं पड़े और प्रदेश में भ्रमण के दौरान पर्यटकों के साथ किसी भी तरह की कोई गलत घटना और दुर्व्यवहार नहीं हो इसके लिए दिया कुमारी ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को साफ निर्देशित किया तथा सभी पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए इसके अलावा प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आगे और क्या-क्या प्रयोग किए जाएं क्या-क्या निर्णय लिए जाएं ?कैसे और किस तरह से पर्यटन को गति दी जाए ।

## पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में कटौती करने पर भजनलाल शर्मा और निर्मला सीतारमण ने निर्णय का स्वागत किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मिडिल ईस्ट युद्ध में और गैस संकट के बीच केंद्र की मोदी सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में 10 रुपए प्रति लीटर कमी की है जिसकी वजह से देश के लोगों को काफी राहत मिलेगी। सरकार के इस निर्णय पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है और कहा है कि पीएम मोदी हर संभव इस कोशिश में लगे रहते हैं कि देश के लोगों को संकट और कठिन परिस्थितियों में ज्यादा परेशानी का सामना करना नहीं पड़े । इसीलिए उन्होंने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में कमी करके देश के लोगों को बड़ी राहत प्रदान करने का प्रयास किया है इस निर्णय पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण्य ने कहा है कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना है उन्होंने कहा कि जब भी दुनिया में कोई संकट आता है और उसका असर भारत पर पड़ता है चाहे वह कोविद संकट रहा हो या वर्तमान स्थिति प्रधानमंत्री की प्राथमिकता यही रहती है कि इसका बोझ जनता पर नहीं पड़े और उन्हें पेट्रोल डीजल और एलपीजी की कमी या परेशानी का सामना करना नहीं पड़े, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ रही है इसके परिणाम स्वरूप पेट्रोल डीजल और विमान टरबाइन ईंधन की कीमत पर भी दबाव बढ़ रहा है प्रधानमंत्री चाहते हैं कि उपभोक्ताओं पर इसका असर नहीं पड़े इसी कारण हमने तेल विपणन कंपनियों को



समर्थन देने का निर्णय लिया है ताकि वह महंगे दामों पर खरीद के बावजूद जनता के लिए कीमत स्थिर रख सकें केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि रामनवमी के दिन प्रधानमंत्री ने एक आपात बैठक बुलाई जिसमें इन मुद्दों पर चर्चा की गई और तुरंत निर्णय लिया गया वित्त मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय ने मिलकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की और आज इस निर्णय की घोषणा की गई केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि उत्पाद शुल्क में कटौती का एक उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को राहत देना है जो कच्चे तेल की भर्ती कीमतों के कारण दबाव में है उन्होंने कहा कि विदेशों में कीमत बढ़ाने के कारण कंपनियां खरीद कम कर सकती है लेकिन ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिए उन्हें निरंतर खरीद और आयत करना चाहिए ताकि देश में ईंधन के पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे ।।उन्होंने अस्वस्थ किया कि इस निर्णय के बाद पेट्रोल डीजल और कच्चे तेल की आपूर्ति में कोई कमी नहीं होगी जनता को समय पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा केंद्रीय वित्त मंत्री ने बताया कि विमान टरबाइन ईंधन के निर्यात पर उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया गया है ताकि घरेलू बाजार में भी इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके उन्होंने कहा कि विमान टरबाइन ईंधन बहुत महत्वपूर्ण इंधन है भारत की विमानन कंपनियों के लिए इसकी उपलब्धता आवश्यक है देश में कई रिफाइनरीया विदेश से कच्चा तेल लाकर उसको परिष्कृत करती है और फिर निर्यात करती है उन्होंने कहा कि अब निर्यात पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने का उद्देश्य यह है कि कंपनियां विमान टरबाइन ईंधन को विदेश भेजने की जगह घरेलू बाजार में बेचे जिस देश में इसकी पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे और किसी प्रकार की कमी का सामना करना नहीं पड़े ।




CMYK

# जिला कलक्टर ने ली जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक

## 28 मार्च को अलसुबह उपखंड अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधिगण के साथ जलदाय विभाग के अधिकारियों को फील्ड विजिट कर पेयजल व्यवस्था जांचने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने जिले की पेयजल व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विभागीय अधिकारी टीम भावना के साथ प्रोएक्टिव मोड में कार्य करते हुए पेयजल आपूर्ति संबंधित समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने वन राज्यमंत्री एवं अलवर शहर विधायक संजय शर्मा द्वारा विधायक निधि से 3.87 करोड रुपए की राशि से स्वीकृत 31 नए ट्यूबवेलों की कार्ययोजना के बारे में फीडबैक लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रगतिरत कार्यों को 15 दिवस में पूर्ण कराने तथा शेष कार्यों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र प्रारंभ कराने तथा समर कंटीन्जेंसीज प्लान एवं इमरजेंसी वर्कस की कार्ययोजना अनुसार क्रियान्विति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि 28 मार्च को अलसुबह जिलेभर में उपखंड अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधिगणों के साथ जलदाय विभाग के अधिकारी फील्ड विजिट कर पेयजल व्यवस्था का जायजा लेवें तथा गर्मी के दौरान प्रभावी मॉनिटरिंग रखते हुए नियमित अंतराल में फील्ड विजिट कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखें।

### ग्रीष्म ऋतु में शिकायतों का 24 घंटे में करावें गुणवत्तापूर्वक समाधान

जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम के दौरान संपर्क पोर्टल, कंट्रोल रूम एवं अन्य किसी भी माध्यम से प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों का 24 घंटे में गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायत में संतुष्टि स्तर में और अधिक वृद्धि के लिए परिवादी से संपर्क स्थापित कर शिकायत की वस्तुस्थिति से अवगत करावें। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जेजेएम के तहत शेष कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के कार्य को 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत पूर्ण करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले के जिन गांवों में जल जीवन मिशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है, उनको यथाशीघ्र हर घर जल सर्टिफिकेशन के तहत रिपोर्टेड गांवों की सूची में सम्मिलित कराने एवं आगामी ग्राम सभा में सर्टिफिकेशन सुनिश्चित करावें। उन्होंने जिले में स्थापित नलकूप व हेडपंप को खराब होने की स्थिति में मरम्मत कार्यों को तीव्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर धर्मवीर सिंह सहित जलदाय विभाग के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

## जिलेभर में प्रशासनिक अधिकारी एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम 28 मार्च को प्रातःकाल करेगी पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर के निर्देशन पर उपखण्ड अधिकारी की अगुवाई में प्रशासनिक अधिकारी एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार 28 मार्च को प्रातःकाल 5:30 बजे से अपने-अपने क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे 28 मार्च को प्रातः 5:30 बजे अपने-अपने उपखण्ड क्षेत्र में कार्यरत जलदाय विभाग के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता एवं संबंधित क्षेत्रों के विकास अधिकारी व तहसीलदार संयुक्त टीम का गठन कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी अलवर एवं नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि जिला मुख्यालय पर जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ वार्डवार संयुक्त टीम गठित कर पेयजल आपूर्ति का निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि गठित संयुक्त टीम सम्पर्क पोर्टल पर जलापूर्ति से संबंधित लंबित परिवादों का मौके पर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## निर्वाचक नामावलियों के तैयार करने के संबंध में कार्यक्रम जारी

### 7 अप्रैल तक दावे एवं आक्षेप किए जा सकेंगे प्रस्तुत

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर निकाय आम चुनाव-2026 के नगर निगम अलवर के वार्डों के प्रारूप प्रकाशन सूची का पठन प्रगणकों द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्रों पर किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर निगम आम चुनाव बीना महावर ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों के तैयार करने के संबंध में आयोग द्वारा कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल 2026 तक दावे एवं आक्षेप की अवधि रहेगी, जिसमें योग्य नागरिक प्रपत्र 3 से नगर निगम अलवर की मतदाता सूची में नाम पंजीकृत, प्रपत्र 5 से नाम विलोपन एवं प्रपत्र 6 से नाम संशोधन करवा सकेंगे। इस कार्य हेतु नगर निगम के वार्ड की भाग संख्या में नियुक्त प्रगणक 7 अप्रैल 2026 तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर दावे एवं आक्षेप प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि 29 मार्च एवं 5 अप्रैल 2026 को विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। 22 अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## डिस्बर्स्ड छात्रवृति बैंक खाता में जमा न होने पर त्रुटि सही कराकर जिला कार्यालय में करें प्रस्तुत

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विद्यार्थी छात्रवृति आवेदन का स्टेटस डिस्बर्स्ड होने के पश्चात राशि बैंक खाता में नही आई है तो जनाधार मुखिया एवं बैंक पासबुक में एन्ट्री करवाकर आवेदन के प्रिन्ट सहीत 60 दिवस अथवा चालू वर्ष के 10 अप्रैल से पूर्व (जो भी पहले हो) जिला कार्यालय में उपस्थित होवें। यदि विद्यार्थी समय पर त्रुटि सही नही करवाता है तो राशि स्वतः ही राजकोष में जमा हो जावेगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थीयों को उत्तर मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान उनके बैंक खाता में किया जाता है परन्तु कई विद्यार्थीयों के बैंक खाता में त्रुटि होने के कारण राशि जमा नही हो पाती है। जो कि लौटकर जिला कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अलवर में लौटकर प्राप्त होती है। जो कि विद्यार्थी द्वारा डिस्बर्स्ड दिनांक से 60 दिवस अथवा चालू वर्ष के 10 अप्रैल से पूर्व (जो भी पहले हो) बैंक खातें की त्रुटि सही करवाकर जिला कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने के पश्चात विद्यार्थी के बैंक खाता में जमा कर दी जाती है।

## श्रीराम परिवार की प्रतिमाओं की हुई स्थापना

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** केडल गंज, मौहल्ला शिवपुरा स्थित रत्ती का कुंआ, अलवर पर श्रीराम नवमी पर रामचरण बेनीवाल के सहयोग से श्रीराम परिवार की स्थापना विधि-विधान से पूर्जा अर्चना कर की गई। खेमेन्द्र बेनीवाल ने बताया कि प्रतिमा स्थापना से पूर्व महिलाओं द्वारा डीजे एवं ढोल नंगाडों के साथ कलश यात्रा निकाली गई तत्पश्चात रामायण पाठ एवं हवन कर श्रीराम नवमी पर श्रीराम परिवार की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद विजय, श्री शिवाजी मण्डल अध्यक्ष सतीश यादव व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव ने प्रमिताओं की आरती कर पूजा-अर्चना की गई तत्पश्चात भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों की संख्या में भक्तों ने पंगती प्रसादी पाई। इस कार्य में आनन्द कुमार, भगवानदास, लक्ष्मणदास, ओमप्रकाश बेनीवाल, पूनीत बेनीवाल, सौरभ, लवकुश, प्रशान्त, भोलाराम धानावत, नरेश कुमार, ललित धानावत, राजू सोमवंशी, नरेश आत्रिवाल ने सहयोग किया तथा इस कार्यक्रम में भाजपा के चतर पटेल, सचिन पंडित, धर्मेन्द्र शर्मा, दीपक कुमार, भूपेन्द्र शर्मा, राहुल कुमार गौरव धानावत सहित काफी संख्या में सर्वसमाज के लोग शामिल हुए।

## अलवर के भूपेंद्र सिंह राठौड़ राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रेफरी एवं जज नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**अलवर।** जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव ने बताया कि बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (BFI) द्वारा योग्यता प्राप्त अलवर के अनुभवी 1-स्टार रेफरी एवं जज भूपेंद्र सिंह राठौड़ 27 से 29 मार्च तक राजगढ़ (चूरू) में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष वर्ग की यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रेफरी एवं जज के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। राठौड़ की यह नियुक्ति उनके लंबे अनुभव, निष्पक्ष निर्णय क्षमता एवं खेल के प्रति समर्पण को दर्शाती है। उनकी इस उपलब्धि से अलवर जिले में हर्ष का माहौल है और यह जिले के लिए गर्व का विषय है।

## नार्को कोऑर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में नार्को कोआर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक के दौरान जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, अफीम या गंजे की अवैध खेती, ट्रामाडोल कोडिन आधारित खांसी की दवाई, भांग के वैध ठेको पर संचालित अवैध गतिविधियों की रोकथाम, पुलिस विभाग में अन्य विभागों द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम और दवाइयां के हानिकारक प्रभाव के प्रावधान के बारे में जागरूकता साहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिले में पुलिस विभाग को नशीले पदार्थों की तस्करी तथा बेचान के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। एनडीपीएस एक्ट में खैरथल पुलिस द्वारा 1 जनवरी 2026 से 26 मार्च 2026 तक 16 प्रकरणों में 17 मुलजिमों को गिरफ्तार कर 4.159 किलोग्राम गांजा, 393 किलो अफीम तथा 37.05 ग्राम स्मैक जप्त कर कार्रवाई की गई। भिवाड़ी पुलिस द्वारा इस वर्ष 26 मार्च तक एनडीपीएस एक्ट में मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई कर 19 प्रकरणों में 20 मुलजिम को गिरफ्तार कर 12.522 ग्राम गांजा, 37 ग्राम अफीम,1.70 ग्राम स्मैक एवं 73 100द्वय की शीशी (ऑन रेक्स कफ सिरप 100 मल कोडिंग फास्फेट नारकोटिक घटक) जप्त की गई। इसके साथ ही 01 मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।

पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत 1 जनवरी 2026 से 26 मार्च 2026 तक 86 प्रकरण दर्ज कर 85 मुलजिमो को गिरफ्तार कर 514.74 लीटर हथकड/देशी शराब, 9.370 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मेडिकल विभाग के अधिकारियों को कोरेक्स कप सिरप की अवैध बिक्री पर मेडिकल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिले में ड्रग की समस्या से निपटने में युवाओं और महिलाओं की भागीदार हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी स्कूलों में कार्यशाला आयोजित कर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने की निर्देश दिए।

बैठक के दौरान डिप्टी एसपी किशनगढ़ बास लालचंद, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मां भद्र काली मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां क्षेत्र में भानपुर और सत्तर का पुरा के मध्य स्थित प्रसिद्ध भद्र काली माता मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले के दौरान भक्तों की अटूट श्रद्धा देखने को मिली। नवमी पर मेले में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। तेज धूप और गर्मी के बावजूद दो दिनों में अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने नवमी पर मां भद्र काली को धूप, दीप, और ध्वज नारियल अर्पित किए। मनियां कस्बे के मुख्य मार्गों से लेकर छोटी गलियां तक श्रद्धालुओं से भर गईं। पूरा कस्बा माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर प्रशासन और पुलिस ने भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था की। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में कई कतारें बनाई गईं। यह मेला आस पास में प्रमुख धार्मिक आयोजन है। राजस्थान सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। कई भक्त मन्नत पूरी होने पर धागा खोलने आते हैं और नेजा चढ़ाते हैं। मंदिर के महंत प्रद्युम्न महाराज मसूरी वाले व पुजारी शिववन महाराज ने बताया कि भानपुर और सत्तर का पुरा वासियों के प्रयासों से मां काली मंदिर मे कई वर्षों से लगातार यहां नवरात्रों में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के दौरान मां महाकाली को हीरा मोती से जड़ी हुई पोशाक धारण करवाई जाती है

## जिला कलक्टर ने नगर निगम की स्वच्छता सर्वेक्षण तैयारियों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की



### स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए निर्धारित पैरामीटर्स पर विशेष फोकस कर और अधिक बेहतर प्रदर्शन के करें प्रयास- जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर नगर निगम की आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी 10 पैरामीटर्स पर विशेष फोकस करते हुए उनमें और अधिक सुधार के लिए टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने सर्वेक्षण के प्रत्येक पैरामीटर यथा नियमित साफ-सफाई कार्य, सौंदर्यकरण, कचरा सेग्रीगेशन, सीटीयू ट्रांसफॉर्मेशन, नाले व नालियों की साफ-सफाई, डोमेस्टिक हजाईस का समुचित प्रबंधन, सिटीजन अवेयरनेस व फीडबैक व्यवस्था इत्यादि की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम द्वारा गत वर्ष से अब तक 100 ट्विन बिन लगाए जाने के कार्य की सरहाना की। उन्होंने कचरे के समुचित प्रबंधन के लिए मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन, सीएनडी प्लांट व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट इत्यादि को पूर्ण क्षमता के साथ संचालन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर लक्ष्यानुसार प्रगति बढाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वनिधि योजना में आगामी तीन माह में 3 हजार नए आवेदन प्राप्त कर, उनकी स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्रवाई करें तथा पीएम आवास योजना में 1248 स्वीकृत आवासों के कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सफाई कर्मियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना से जोड़ने के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने नगर निगम द्वारा विगत दिनों में स्वच्छता के संबंध में किए गए कार्यों का फीडबैक लिया, जिनमें सफाई मित्रों व निगम के कार्मिकों की क्षमतावर्धन कार्यशाला, कचरा सेग्रीगेशन हेतु निगम की टीम द्वारा डोर-टू-डोर समझाईश कार्य, पार्कों में निकलने वाले कचरे को वहीं पर निस्तारित करने एवं उपयोगी बनाने हेतु कम्पोस्टिंग पिट कार्य, स्कूलों में स्वच्छता जागरूकता अभियान, प्लास्टिक प्रतिबंधों की प्रभावी कार्रवाई इत्यादि कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यों को निरन्तर जारी रखा जावे। बैठक में नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस ऐश्वयर्म प्रजापति सहित नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण, पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एडीजे रेखा यादव ने शुक्रवार को सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यह निरीक्षण राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देश तथा जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के मार्गदर्शन में किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को दी जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रकरणों के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। रजिस्टर जांच के दौरान एक बालिका का प्रकरण दर्ज मिला, जिसे पुलिस मेडिकल के लिए ले गई थी। सचिव ने आगंतुक पंजी, केस रजिस्टर, परामर्श रजिस्टर व चिकित्सा सहायता से जुड़े अभिलेखों की जांच कर लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं—आपातकालीन चिकित्सा, विधिक परामर्श, निःशुल्क अधिवक्ता, अस्थायी आश्रय, पुलिस समन्वय व एफआईआर सहायता—का निरीक्षण कर स्वच्छता, सुरक्षा व गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए। काउंसलिंग व आवास कक्ष का अवलोकन करते हुए पीड़िताओं की गरिमा व निजता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

**नगर विकास न्यास की बैठक आयोजित**

# शहर में 221 करोड रूपये की लागत से होंगे विकास कार्य

### शहर में मल्टी लेवल पार्किंग के स्थान चिन्हित हेतु कमेटी सात दिन में देगी रिपोर्ट, 6 माह में पार्किंग चालू की रखी टाइमलाइन



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर एवं नगर विकास न्यास की अध्यक्ष डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में नगर विकास न्यास की 315वीं बैठक आयोजित हुई, जिसमें वर्ष 2026-27 के आय-व्यय अनुमानों में 310 करोड रूपये के व्यय प्रावधानों का अनुमोदन किया गया तथा अलवर शहर के विकास कार्यों हेतु लगभग 221 करोड रूपये के विकास कार्यो को कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। जिला कलक्टर ने नगर विकास न्यास के वर्ष 2026-27 के आय-व्यय अनुमानों में 310 करोड रूपये के व्यय प्रावधानों का अनुमोदन किया तथा अलवर के बहुआयामी विकास, खेल सुविधाओं के विस्तार, सडक तंत्र के मजबूतीकरण एवं सीवरेज समस्या को मध्यनजर रखते हुए लगभग 221 करोड रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए, जिसमें अपराधों की रोकथाम व शहर की यातायात व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु शहर में 92.80 लाख रूपये की लागत से 10 स्थानों पर 20 ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्नेशन कैमरे (एएनपीआर) लगाए जाने के कार्य की स्वीकृति प्रदान की। साथ ही उन्होंने 200 फीट बाईपास तिजारा रोड एवं दिल्ली रोड पर बरसाती नाला निर्माण व ड्रेनेज कार्य, विज्ञान नगर व शालीमार नगर में सीवरेज लाइन एवं एसटीपी निर्माण कार्य, सागर के पास पार्क निर्माण और विकास इत्यादि कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि 2.71 करोड रूपये की राशि से अलवर शहर के ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार करावे, जिससे जल निकासी एवं नाला-नाली निर्माण कार्य सुगमता से हो सके। इसके अतिरिक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजनान्तर्गत न्यास के अभिसरण से कन्वेंशन सेंटर निर्माण कार्य, खेल सुविधाओं का विस्तार, पर्यटन स्थल लालडिग्गी एवं बाला किला विकास कार्यों के लिए राशि का अनुमोदन किया। उन्होंने यूआईटी की कातला पट्टी एवं मार्बल मार्केट हेतु बहुद्देशीय योजना की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात ले-आउट प्लान अनुसार कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर की विभिन्न सडकों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात को प्रबंधित करने के लिए एआई मैपिंग कराए जाने हेतु कार्यों को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न बजट घोषणाओं के लिए भूमि आवंटन के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की। उन्होंने यूआईटी की चारागाह अतिक्रमित भूमि का फीडबैक लेकर चारागाह भूमि में ग्रीन एरिया विकसित करने तथा अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराकर कार्य योजना बनाकर विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मार्केट क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग की आवश्यकता के दृष्टिगत यूआईटी के उप सचिव, पीडब्ल्यूडी एवं यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता की कमेटी का गठन कर मल्टीलेवल पार्किंग विकसित किए जाने के संबंध में सात दिवस में कार्य योजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने इसके लिए 6 माह में चालू करने की टाइमलाइन निर्धारित की। उन्होंने नगर निगम एवं यूआईटी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के चौराहों का विस्तृत सर्वे कर उनका थीम बेस रिनोवेशन करावे। उन्होंने योजना एवं गैर योजना क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य जिनमें सडक निर्माण, मरम्मत, पार्कों में विकास कार्य, पौधारोपण एवं सौन्दर्यकरण संबंधित कार्य कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की।

यूआईटी की सचिव स्नेहल धायगुडे नाना ने बताया कि बैठक में हनुमान चौराहे के पास पीपीपी पर नया बस स्टैण्ड निर्माण कार्य, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कालीमोरी व अम्बेडकर नगर में 33/11 केवी सब स्टेशन की स्थापना, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम दिवाकरी में उच्च जलाशय व स्वच्छ जलाशय के निर्माण हेतु भूमि आवंटन की स्वीकृति दी गई। उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला के भवन निर्माण हेतु अम्बेडकर नगर में एवं पुलिस के नवीन वृत्त कार्यालय अलवर दक्षिण के प्रशासनिक एवं आवासीय भवन हेतु अपना घर शालीमार (एक्सटेंशन) में भूमि आवंटन करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे उप सचिव जितेन्द्र सिंह नरूका, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, डीटीपी संध्या सैनी, यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान एवं कुमार संभव अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सुगम रेल संचालन हेतु रतलाम-नीमच रेलखण्ड के मध्य दोहरीकरण कार्य से

### उदयपुर सिटी-रतलाम-उदयपुर सिटी रेलसेवा रहेगी आंशिक रद्द

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पश्चिम रेलवे पर रतलाम मंडल के रतलाम-नीमच रेलखंड के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित उदयपुर सिटी- रतलाम- उदयपुर सिटी रेलसेवा आंशिक रद्द रहेगी।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर सचालित गाडी संख्या 19328, उदयपुर सिटी-रतलाम रेलसेवा दिनांक 28.3.26 व 29.3.26 को उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी वह नामली स्टेशन तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा नामली-रतलाम के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19327, रतलाम-उदयपुर सिटी रेलसेवा दिनांक 28.3.26 व 29.3.26 को रतलाम के स्थान पर नामली स्टेशन से प्रस्थान करेगी। अर्थात यह रेलसेवा रतलाम- नामली के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

## जैसलमेर-जयपुर-जैसलमेर लीलण एक्सप्रेस एवं अजमेर-दौंड-अजमेर स्पेशल रेलसेवाएं इलेक्ट्रिक इंजन से होगी संचालित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा जैसलमेर-जयपुर-जैसलमेर लीलण एक्सप्रेस एवं अजमेर-दौंड-अजमेर स्पेशल रेलसेवाओं को इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 12467/12468, जैसलमेर-जयपुर-जैसलमेर लीलण एक्सप्रेस रेलसेवा जैसलमेर से दिनांक 3.4.26 से एवं जयपुर से दिनांक 1.4.26 से इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित होगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09625/09626, अजमेर-दौंड-अजमेर स्पेशल रेलसेवा अजमेर से दिनांक 2.4.26 से एवं दौंड से दिनांक 3.4.26 से इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित होगी।

## चांदी 3700 सस्ती और सोना 1000 रुपए महंगा, चांदी 233300 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत में जहां गिरावट देखी गई तो सोने की कीमत में बढ़ोतरी देखी गई । शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर जयपुर के सराफा बाजार में चांदी 3700 सस्ती दर्ज की गई तो सोने की कीमत में हजार रुपए की बढ़ोतरी देखने को मिली जयपुर सराफा बाजार से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जयपुर में चांदी के भाव 233300 रुपए निर्धारित थे वही शुद्ध सोना 148000 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 138400 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित थे। गौरतलब है कि जयपुर सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में पिछले कई महीनो से जबरदस्त उतार चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। कभी कई दिनों तक सोने और चांदी के दाम लगातार रोजाना बढ़ते रहते हैं तो फिर एक दौर ऐसा भी आता है जब सोने और चांदी की कीमत में कई दिनों तक लगातार गिरावट होती रहती है। इसलिए कभी सोने और चांदी की कीमत में कई दिनों तक चढ़ाव तो कई दिनों तक उतार देखकर सोने और चांदी की खरीदारी करने वाले लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि जिनके घर में शादी हैं उन्हें मजबूरी में सोने और चांदी के आभूषण खरीदने ही पड़ते हैं लेकिन इनमें ज्यादातर लोग जयपुर सराफा बाजार में पुरानी चांदी लेकर आते हैं और पुरानी चांदी बेचकर उनसे जो पैसा मिलता है उसके नए आभूषण खरीद लेते हैं अन्यथा जो लोग पहले सोने और चांदी में निवेश किया करते थे निवेश करने वाले लोग फिलहाल सोने और चांदी में निवेश करने से दूरी बनाए हुए हैं निवेश करने वाले लोगों को ऐसा लगता है कि सोने और चांदी में जिस तरह से उतार-चढ़ाव हो रहे हैं कहीं उनका पैसा डूब ना जाए या फिर घाटे का सौदा नहीं हो जाए इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में सोने और चांदी की कीमत में उतार चढ़ाव को देखकर ज्यादातर लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह जमीन जायदाद और रियल स्टेट के कारोबार में या फिर अन्य जगहों पर इन्वेस्ट कर रहे हैं ।

## प्रदेश में कई जिलों में पासपोर्ट ऑफिस और डाकघर को बम से उडाने की धमकी, पुलिस और प्रशासन में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में शुक्रवार को रामनवमी के दिन एक बार फिर से कई जिलों में पासपोर्ट ऑफिस और डाकघर को बम से उडाने की धमकी दी गई, यह बम होने की सूचना ज्यादातर जिलों में ईमेल के माध्यम से ही दी गई है। हालांकि कुछ जगहों पर फोन कॉल करके बम होने की सूचना दी गई सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारी तुरंत सभी जिलों में पासपोर्ट ऑफिस और डाकघर डाकघर कार्यालय में पहुंचे सभी जगह पर खोजी कुत्ते, बामनिरोधक दस्ते इत्यादि बुलाए गए और सभी जगह पर जहां-जहां धमकी दी गई वहां कार्यालय खाली करवाए गए । काफी देर तक मौके पर तलाशी अभियान को अंजाम दिया गया आसपास के इलाके में सर्च अभियान को अंजाम देने के बाद प्रदेश में कहीं पर भी पुलिस को किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली जिसके बाद एक बार फिर से प्रदेश में कई जिलों में बम होने की जो सूचना अज्ञात लोगों की ओर से दी गई वह पूरी तरह से फर्जी साबित हुई तब जाकर पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अजमेर, बाड़मेर, करौली, दौसा, सीकर, जैसलमेर इत्यादि कई अन्य जिलों में पासपोर्ट ऑफिस और पोस्ट ऑफिस में बम होने की सूचना दी गई अधिकांश जगहों पर ईमेल के माध्यम से ही यह सूचना दी गई दोसा में जयपुर से आए कॉल के माध्यम से डाकघर में बम होने की सूचना दी गई। ईमेल से सूचना मिलने के बाद पुलिस को तुरंत सूचित किया गया जिसके बाद पुलिस के अधिकारी पुख्ता प्रबंध के साथ मौके पर पहुंचे और जहां-जहां पोस्ट ऑफिस और पासपों ऑफिस में बम होने की सूचना दी गई थी उन सभी कार्यालय को पूरी तरह से पुलिस ने खाली करवा लिया। जब तक मौके पर पुलिस की जांच पड़ताल संपादित रही तब तक वहां तैनात कर्मचारियों और आमजन के चेहरों पर चिंता की लकीर देखी गई । हालांकि सभी जगह पर पुलिस ने बमनिरोधक दस्ते और जरूरी उपकरण यंत्र मंगवा लिए थे और सभी जगह पर आसपास के इलाके में भी सर्च अभियान को अंजाम दिया गया । लेकिन पुलिस को कहीं पर भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनो से प्रदेश में सरकारी संस्थानों, हाई कोर्ट जिलाधीश कार्यालय ,निजी स्कूलों, जिला न्यायाधीश कार्यालय इत्यादि सभी जगह पर समय-समय पर बम होने की सूचना मिली है लगातार प्रदेश भर में इस तरह की गलत सूचनाओं देकर प्रदेश की जनता में घबराहट का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है इसके अलावा पुलिस और प्रशासन के लिए भी इस तरह की सूचनाओं बड़ी चुनौती बनी हुई है हालांकि यह भी काफी अफसोस की बात है कि अब तक पिछले कुछ महीनो से जहां-जहां भी बड़े स्तर पर बम होने की सूचना दी गई यह सारी सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई लेकिन सूचना देने वाले लोगों की पहचान पुलिस नहीं कर पाई है एक भी मामले का पुलिस ने खुलासा नहीं किया है इसीलिए इस तरह की सूचना देने वाले लोगों के हौसले बुलंद है ।

# पीएम मोदी ने पहले गुजरात और फिर भारत को बहुत ही शानदार तरीके से संभाला : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शुक्रवार को दिल्ली में अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले गुजरात को कठिन और विपरीत परिस्थितियों में दो-तीन बार बहुत ही शानदार तरीके से संभाला और गुजरात को पूरे देश में विकास का रोल मॉडल बनाया और फिर मोदी ने भारत को बहुत ही शानदार तरीके से संभाला हुआ है । उन्होंने कहा कि मोदी के वर्ष 2014 में देश के शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद से लेकर अब तक भारत ने कृषि, उद्योग, विज्ञान, अंतरिक्ष, यातायात, परिवहन, रेल, सड़क, हवाई यातायात,चिकित्सा, शिक्षा, महिला विकास, आंतरिक सुरक्षा, विदेश नीति, युवा विकास रोजगार, टेक्नोलॉजी इत्यादि सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक विकास यात्रा का सफर पूरा किया है जिसकी वजह से आज भारत पूरी दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है और बहुत जल्दी ही तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने वाला है उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है बल्कि मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की एक नई बुलंदियों को छू रहा है मदन राठौड़ ने कहा कि आज दुनिया का शक्तिशाली से शक्तिशाली देश भी विश्व मंच पर नरेंद्र मोदी की बात को सुनता है और मोदी की बात को मानता आज नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में माने जाते हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अद्भुत नेतृत्व क्षमता, कार्य कुशलता, त्याग, समर्पण, कड़ी मेहनत, राष्ट्र प्रेम के पर्याय हैं यही वजह है कि उन्होंने पहले गुजरात में अपने नेतृत्व क्षमता से प्राकृतिक आपदाओं की वजह से उजड़ चुके गुजरात को पूरे देश ही नहीं बल्कि दुनिया में विकास का नया मॉडल बनाया और अब भारत को लगातार विकास के पथ पर तेजी से लेकर जा रहे हैं इसीलिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद पर इतने लंबे दिनों तक सफर करने वाले वे भारत के अद्भुत करिश्माई नेता माने जाते हैं राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, युवा, किसान और महिला के कल्याण और विकास को सबसे पहले प्राथमिकता में रखा और इन सबके कल्याण और विकास के लिए कई योजनाएं और कई नवाचार किया जिसकी वजह से भारत के टैलेंटेड युवा जो पहले भारत में समुचित सुविधाएं और समुचित वातावरण नहीं मिलने की वजह से विदेश में चले जाते थे आज उन्हें टैलेंटेड युवाओं को भारत में अपनी प्रतिभा और टैलेंट दिखाने का पूरा मौका मिल रहा है जिसकी वजह से एक ने भारत का नवनिर्माण हो रहा है उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को इसीलिए सबसे आगे किया था कि उन्होंने तीन-चार बार उजड़े हुए गुजरात को शानदार तरीके से संभाला और विकास किया जिसकी वजह से गुजरात को विकास का रोल मॉडल हर जगह माना गया इसीलिए मोदी के अद्भुत नेतृत्व क्षमता और कार्य कुशलता से प्रेरित होकर ही उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी ने सबसे आगे किया जिसका परिणाम यह रहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव में अच्छी सफलता प्राप्त की और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद पर बिठाया तब से लेकर आज तक भारत एक नए भारत का नवनिर्माण करता हुआ साफ दिख रहा है उन्होंने कहा कि भले ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल वर्तमान में मिडिल ईस्ट में हो रहे युद्ध की वजह से भारत में तेल और गैस के संकट की बात कह कर खुद को मीडिया में बनाए रखने की कोशिश कर रहे हो लेकिन आज भी भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में पूरी तरह से सुरक्षित है देश में किसी भी राज्य में कहीं भी किसी भी तरह के गैस तेल पेट्रोल की कोई कमी नहीं है उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में इंडियन मिलिट्री ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक करके पूरी दुनिया को भारत की युद्धिक कुशलता से अवगत करवा दिया है और यह बता दिया है कि भारत दुनिया की किसी भी शक्तिशाली देश के सामने झुकने वाला नहीं है मदन राठौड़ ने कहा कि भारत पहले युद्ध के समान उपकरण यंत्र इत्यादि विदेश से आयात करता था लेकिन आज युद्ध के विभिन्न यंत्र उपकरण सामग्री सब कुछ भारत में निर्मित हो रहे हैं यह अपने आप में बड़ी बात है और यह सब जो बड़े और क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं उसमें सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्भुत कार्य क्षमता और कार्यशैली की देन है ।

## संकट की घड़ी में विपक्ष सरकार के साथ, लेकिन जनता को मिले पारदर्शी व्यवस्था: टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने स्पष्ट किया कि किसी भी आपदा या संकट के समय विपक्ष पूरी तरह से जनता और सरकार के सहयोग के लिए तत्पर है, क्योंकि हर मुद्दे पर राजनीति नहीं की जाती। आर्थिक मोर्चे पर सरकार को घेरते हुएजूली ने कहा कि सरकार को किसी भी सूरत में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाने चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि पूर्व में कच्चा तेल सस्ता होने पर तेल कंपनियों और सरकारों ने भारी मुनाफा कमाया है, अतः अब यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतें बढ़ती भी हैं, तो सरकार को अपने टैक्स और 'स्पेशल सेस' में कटौती कर उसे एडजस्ट करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस समय दरें बढ़ाई गईं, तो महंगाई अनियंत्रित हो जाएगी और देश की अर्थव्यवस्था सहित आम आदमी की कमर टूट जाएगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए जनता के बीच किसी भी प्रकार का पैनिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सरकार को वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक करना चाहिए। जूली ने सुझाव दिया कि राज्य में गैस, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कितनी मांग है, कितनी आपूर्ति की जा रही है और कितना स्टॉक उपलब्ध है, इसका डेटा जनता के सामने रखें। जूली ने प्रदेश में गैस सिलेंडरों की किल्लत पर चिंता जताते हुए कहा कि आम शादियों से लेकर हॉस्टल, होटल और उद्योगों तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा पाइप्ड नेचुरल गैस के आदेशों को लेकर सवाल उठाया कि अब तक इन फाइलों और नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट को क्यों अटकाया गया था? उन्होंने मांग की कि जिन अधिकारियों या विभागों ने अब तक इस प्रक्रिया में देरी की, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमने आम जनता की हर समस्या को मजबूती से सरकार के समक्ष रखा है। जूली ने दोहराया कि जनहित के कार्यों और प्रदेश की सुरक्षा के विषयों पर विपक्ष हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाता रहेगा, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि आम आदमी को मूलभूत सुविधाओं के लिए दर-दर न भटकना पड़े।

## पाकिस्तान ड्रोन ने भारी मात्रा में रावला बॉर्डर पर हीरोइन के 20 पैकेट गिराए, पांच तस्करों को दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में भारत-पाकिस्तान सीमा पर पाकिस्तान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोग ड्रोन का उपयोग करके अपने धंधे को गति देने का प्रयास कर रहे हैं । इसी क्रम में भारत-पाकिस्तान सीमा पर समय-समय पर पाकिस्तान की सीमा से आने वाले ड्रोन भारत की सीमा में सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थ से भरे पैकेट गिरा रहे हैं । अभी रावला बॉर्डर पर पाकिस्तान से आए ड्रोन ने हीरोइन से भरे हुए 20 पैकेट गिराए है यह सफेद रंग के पैकेट हैं जिनमें करीब 10 किलो हीरोइन बरामद की गई है स्थानीय पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने बॉर्डर पर घेराबंदी करके पांच तस्करों को पकड़ लिया है जिसमें दो तस्कर पंजाब के रहने वाले हैं और दो तस्कर सीमावर्ती क्षेत्र के रहने वाले हैं पुलिस ने इन पांचो तस्कर से एक एक पिस्तौल और दो मैगजीन भी बरामद की है पुलिस अब गिरफ्तार तस्करों से गहनता से पूछताछ करके अवैध मादक पदार्थ के तस्करी के इस गिरोह का पर्दाफाश करने की कोशिश कर रही है पुलिस को संदेह है कि सीमावर्ती क्षेत्र में एक बड़ा नेटवर्क है जो पाकिस्तान में बैठे तस्करों के संपर्क में रहकर अवैध मादक पदार्थों के धंधे को संचालित कर रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी स्थानीय दो तस्करों को ही पड़ा है लेकिन पुलिस को संदेह है कि इस धंधे में और भी कई लोग लिप्त हैं इसलिए गिरफ्तार पांचो तस्करों से कड़ी पूछताछ की जा रही है पंजाब के जो तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं उनके पारिवारिक बैकग्राउंड के बारे में भी पूछताछ की जा रही है गिरफ्तार तस्करों और उनके परिजनों के बैंक अकाउंट के बारे में भी पूछताछ की जा रही है गिरफ्तार तस्करों और उनके परिजनों के मोबाइल फोन कॉल डिटेल की भी अब जांच पड़ताल की जा रही है। क्योंकि यह कोई पहला मामला नहीं है जब पाकिस्तान की सीमा से उड़ कर आए ड्रोन ने भारत की सीमा में अवैध मादक पदार्थ गिराए हो इससे पहले भी बॉर्डर इलाके में कई बार पाकिस्तान से आए ड्रोन पड़े हुए मिले हैं तथा कई बार बॉर्डर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ भी पुलिस ने बरामद किए हैं इसलिए यह तो बिल्कुल तय है कि अवैध मादक पदार्थ के इस धंधे में बॉर्डर इलाके में रहने वाले भारत के लोग भी कहीं ना कहीं सक्रिय हैं जो पाकिस्तान में बैठे लोगों के संपर्क में रहकर पैसों के लालच में इस अवैध धंधे को अंजाम दे रहे हैं इसीलिए पिछले कुछ सालों से स्थानीय पुलिस और बीएसएफ प्रशासन से जुड़े लोग संयुक्त रूप से बॉर्डर इलाके में निगरानी को कड़ी किए हुए हैं तथा जरूरत पड़ने पर इलाके में तलाशी अभियान को भी अंजाम देते हैं लेकिन इसके बावजूद भी पाकिस्तान में बैठे तस्करों के हौसले बुलंद हैं और वे कहीं ना कहीं पाकिस्तान की मिलिट्री के सहयोग से भारत की सीमा में अवैध मादक पदार्थ भेजने का प्रयास करते रहते हैं जिसमें कई बार सफल भी हो जाते हैं तो कई बार उन्हें सफलता नहीं मिलती ।

## श्रीकरनपुर में प्रतिबंधित क्षेत्र में घूम रहे चीनी नागरिक को हिरासत में लिया गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में श्रीकरणपुर बॉर्डर इलाके में प्रतिबंधित क्षेत्र में पुलिस ने संदिग्ध रूप से घूम रहे एक चीनी नागरिक को हिरासत में लिया है चीनी नागरिक से पूछताछ की जा रही है खबर लिखे जाने तक इस प्रकरण में जांच एजेंसियां और पुलिस ने कोई ज्यादा जानकारी मीडिया के साथ शेयर नहीं की लेकिन चीनी नागरिक के प्रतिबंधित क्षेत्र में पकड़े जाने की बात पुलिस के अधिकारी जरूर कह रहे हैं फिलहाल जांच एजेंसियां इस मामले को गंभीरता से देख रही है चीनी नागरिक के बताए एड्रेस नाम पते की पुष्टि भी की जा रही है चीनी नागरिक जो नाम और पता बता रहा है वे गलत है या सही इसके बारे में चीनी दूतावास से संपर्क करके चीनी नागरिक की यात्रा के बारे में जानकारी एकत्रित किए जाने की कोशिश की जा रही है चीनी नागरिक का पासपोर्ट और वीजा इत्यादि के बारे में भी जांच पड़ताल की जा रहीहै जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी की प्रारंभिक पूछताछ में चीनी नागरिक ने मोबाइल कंपनी में नौकरी करने की बात कही है लेकिन जिस तरह से वह बॉर्डर क्षेत्र में प्रतिबंधित इलाके में घूम रहा था उसको पुलिस और जांच एजेंसियां काफी गंभीरता से ले रही है चीनी नागरिक जी मोबाइल कंपनी में नौकरी करने की बात कह रहा है उस कंपनी के प्रशासन से जुड़े लोगों से चीनी नागरिक के बारे में पूछताछ की जा रही है हिरासत में लिए गए चीनी नागरिक के मोबाइल फोन कॉल डिटेल की भी जांच पड़ताल की जा रही है खबर लिखे जाने तक पुलिस और जांच एजेंसी की ओर से इस बात की पुष्टि नहीं हुई थी कि चीनी नागरिक यहां सामरिक क्षेत्र की जासूसी करने तो नहीं आया था फिलहाल जांच जारी है जांच कंप्लीट होने के बाद ही पुलिस इस मामले में पूरी स्थिति स्पष्ट करेगी

## उत्तर पश्चिम रेल प्रशासन का कमाल, बाड़मेर रेलवे स्टेशन को दे दिया नया लुक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे का बाड़मेर रेलवे स्टेशन एक महत्त्वपूर्ण स्टेशन है। बाड़मेर में तेल और गैस (मंगला क्षेत्र), ऊर्जा (जेएसडब्ल्यू) और खनिज निष्कर्षण (बेंटोनाइट, जिप्सम, नमक) ने अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा दिया है। औद्योगीकरण बढ़ने के कारण होटल, स्कूल और परिवहन जैसी सेवाओं की मांग में वृद्धि हुई है। रेल यात्रीभार में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। वर्तमान मे बाड़मेर रेलवे स्टेशन पर 28 ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। यहां से औसतन 7603 यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं। रेल यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बाड़मेर रेलवे स्टेशन को लगभग 16.18 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है। बाड़मेर स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिससे यात्रियों को सुविधाजनक, सुगम व उत्कृष्ट यात्रा अनुभव प्राप्त हो सके। इस पुनर्विकास के पश्चात बाड़मेर स्टेशन न केवल अत्याधुनिक स्वरूप में परिवर्तित होगा, बल्कि यह क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक उन्नति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्टेशन पर प्रवेश और निकास के लिए पृथक द्वारों सहित आधुनिक सर्कुलेटिंग एरिया तथा भू-दृश्य विकास, ऑटो, दोपहिया व चारपहिया वाहनों के लिए पृथक पार्किंग व्यवस्था, यात्रियों को चढने उतरने के लिए पोर्च, एवं दोगुनी ऊंचाई वाला चौड़ा प्रवेश द्वार, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए पृथक एवं उन्नत प्रतीक्षालय, रिटायरिंग रूम व डोरमेट्री, साथ ही नया वीआईपी अतिथि कक्ष एवं स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, मौजूदा एफओबी पर लिफ्ट की सुविधा, स्टेशन अग्रभाग का सौंदर्य करण एवं 12 मीटर चौड़ा नया एफओबी, नवीन प्लेटफॉर्म आश्रय , दिव्यांगजनों हेतु अनुकूल शौचालय ब्लॉक व पेयजल बूथ, बेहतर साइनबोर्ड, स्टेशन पर होर्डिंग्स, स्मारकीय ध्वज एवं उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर आदि विकास कार्य करवाए गये हैं।

# शहीद स्मारक पर कांग्रेस का विशाल प्रदर्शन : डोटासरा, जूली सहित बड़े नेताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा किया

### गैस तेल और पेट्रोल की कमी को लेकर राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर में शहीद स्मारक पर कांग्रेस जनों का विशाल प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में शुक्रवार को जयपुर में शहीद स्मारक पर प्रदेश में तेल गैस और पेट्रोल की कमी और गैस की कीमत बढ़ाने के विरोध में विशाल प्रदर्शन किया इस प्रदर्शन में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पुष्पेंद्र भारद्वाज, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी सहित जयपुर के कोने-कोने से कांग्रेस जनों ने इस प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दिखाई। इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश के भजन लाल सरकार पर जोरदार हमला बोला और कहा कि गैस और तेल संकट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोधाभासी बयान से देश के लोग असमंजस की स्थिति में है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक तरफ सर्वदलीय बैठक में देश में तेल पेट्रोल डीजल के संकट होने की बात को सिरे से खारिज किया था तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा और लोकसभा में यह कहते हैं कि आने वाले दिनों में कोरोना से भी बड़ा संकट आने वाला है इस तरह के विरोधाभासी बयान से देश के लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी के इस तरह के बयानों से ही राजस्थान और देश के कई राज्यों में पेट्रोल पंपों पर अचानक लोगों की भीड़ उमड़ गई उन्होंने कहा कि तेल गैस और पेट्रोल का यह जो संकट आया है अगर इसकी तैयारी केंद्र सरकार पहले से ही कर लेती तो आज भारत सरकार के पास सिर्फ 24 दिन का डीजल और पेट्रोल ही नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल दौरे पर गए थे उसी समय उन्हें मिडिल ईस्ट में युद्ध होने का एहसास हो गया था और मोदी कि इजरायल यात्रा से पहले भी पूरे देश और दुनिया में युद्ध का एहसास हो रहा था लेकिन सरकार ने गैस पेट्रोल डीजल के भंडारण की कोई व्यवस्था नहीं की। अगर सरकार युद्ध की आशंका की वजह से पहले ही गैस तेल का भंडारण कर लेती तो आज देश में गैस तेल और पेट्रोल की कमी नहीं होती प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि खाड़ी देशों से मिडल ईस्ट युद्ध के बीच गैस और तेल के जो जहाज आ रहे हैं यह जहाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की मेहरबानी से नहीं आ रहे बल्कि इसका बड़ा कारण यही है कि ईरान रह रहे भारत के लोगों ने ईरान की सरकार पर दबाव बनाया और कहा कि ईरान में हम आपका पूरा सपोर्ट कर रहे हैं तो आपको हमारे भारत के लोगों का भी सपोर्ट करना होगा। इसके अलावा 5 साल पहले भारत सरकार ने अमेरिका के कहने पर ईरान से गैस का आयात बंद कर दिया था। अब गैस की संकट की वजह से भारत सरकार ने ईरान के आगे सरेंडर कर दिया जब ईरान के आगे सरेंडर किया तो ईरान सरकार ने भी यह समझ लिया कि चलो ठीक है हमारा धंधा फिर से शुरू हो गया इसलिए ईरान से जो जहाज आ रहे हैं उसमें मोदी और अमित शाह की मेहरबानी नहीं है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने बहुत पहले ही गैस तेल और पेट्रोल को लेकर सर्व दलीय बैठक बुलाने की डिमांड की थी लेकिन राहुल गांधी की बात को गंभीरता से नहीं दिया गया बल्कि उनका मजाक उड़ाया गया बाद में गैस और तेल को लेकर जो संकट के हालात पैदा हुए और सोशल मीडिया पर सर्व दलीय बैठक नहीं बुलाने को लेकर देश के लोगों ने जिस तरह से मोदी सरकार की टांग खींचे की उसके बाद मोदी सरकार ने सर्व दलीय बैठक बुलाई लेकिन इस सर्व दलीय बैठक में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में गैस और तेल का संकट होने की बात को साफ मना कर दिया जबकि संसद में मोदी खड़ा होकर कहते हैं कि कोरोना से भी बड़ा संकट आने वाला है।

सम्पादकीय

## गुरुग्राम केस में सुप्रीम कोर्ट की कठोर टिप्पणी



किसी भी आपराधिक वारदात में पीड़ित को न्यायपालिका पर भरोसा होता है कि उसे न्याय जरूर मिलेगा। मगर इंसाफ तभी मिल पाता है, जब मामले की गंभीरता के मद्देनजर जांच-पड़ताल की जाए और अदालत में पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं। यह काम जांच एजंसियों का होता है, लेकिन कई बार ऐसा देखा गया है कि पुलिस या अन्य जांच एजंसियों के अधिकारी संगीन मामलों को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं और हल्की धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हैं। इसके पीछे या तो जांच अधिकारियों की लापरवाही होती है या फिर किसी बाहरी दबाव की वजह से मामले को कमजोर करने की मंशा छिपी होती है। हरियाणा के गुरुग्राम में पिछले माह एक मासूम बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में भी पुलिस का ऐसा ही रवैया सामने आया है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में पुलिस का रवैया शर्मनाक और असंवेदनशील रहा है, जो न्यायिक प्रक्रिया के लिए चिंताजनक है। यह बात छिपी नहीं है कि सामान्य आपराधिक घटना में भी प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पीड़ित पक्ष को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि कानून में अब शून्य पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने का प्रावधान है, इसके बावजूद अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं कि घटनास्थल का किसी दूसरे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने का हवाला देकर पुलिसकर्मी प्राथमिकी दर्ज करन से इनकार कर देते हैं। कई बार तो पुलिस के साथ जांच प्रक्रिया से जुड़े अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों का गठजोड़ भी सामने आता है। गुरुग्राम मामले में भी इस तरह की बातें सामने आई हैं। पुलिस ने पाक्सो (यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी में गंभीर धारा लगाने की बजाय हल्की धारा लगाकर अपराध को कमतर दिखाने की कोशिश की। सर्वोच्च न्यायालय ने बच्ची के बयान पर अपना पक्ष पूरी तरह से बदलने के लिए एक निजी अस्पताल की चिकित्सक को भी फटकार लगाई और कहा कि उनका यह व्यवहार शर्मनाक है। इसमें दोराय नहीं कि किसी भी अपराध में पीड़ित को इंसाफ दिलाने की जिम्मेदारी पुलिस और दूसरी संबंधित जांच एजंसी की होती है। मगर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट पर गौर करें, तो वर्ष 2018 से 2022 के दौरान बलात्कार के मामलों में दोषसिद्धि की दर 27-28 फीसद के बीच दर्ज की गई थी। वर्ष 2023 में यह दर घटकर 23 फीसद से भी कम रह गई। यानी बलात्कार के मामलों में कड़े कानूनी प्रावधानों का असर आरोपियों को सजा दिलाने में नजर नहीं आ रहा है। इसके पीछे मामलों की जांच में देरी, सबूतों का अभाव या गवाहों के मुकर जाने जैसे कई कारण हो सकते हैं, मगर इसके लिए सीधे तौर पर जवाबदेही पुलिस की ही बनती है। शीर्ष अदालत ने गुरुग्राम मामले में स्थानीय बाल कल्याण समिति के सदस्यों की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न उन्हें पद से हटा दिया जाए।



कहानी

## संत तुकाराम महाराजजी

बालमित्रों, साधना करने से अपनी बुद्धि का विकास होता है । अर्थात पंचज्ञानेंद्रिये, मन और बुद्धि के परे जो संवेदनाएं होती हैं उनका ज्ञान हमें होने लगता है । कुछ संत किसी व्यक्ति के भूतकाल अथवा भविष्य के संदर्भ में जानकारी देते हैं । इसे ही सूक्ष्म का ज्ञान होना कहते हैं । सर्वसाधारण व्यक्ति के समान लगनेवाले सन्त तुकाराम महाराज ने इस ज्ञान का उपयोग लोगों के हित के लिए किस प्रकार किया, इस कथा से हमें इसका बोध होगा । संत तुकाराम महाराज देहू गांव में रहते थे । एक दिन गांव में वार्ता फैली कि, एक महान साधू आनेवाले है । साधू का स्वागत करने के लिए गांव के लोगों ने बडा मंडप बनाया । उनके दर्शन के लिए लोग बडी संख्या में एकत्रित हुए । सभी लोग उसका गुणगान करने लगे । गांव में सभी ओर यह वार्ता फैली थी कि, उस साधू के दर्शन से अपनी सारी इच्छाएं पूर्ण होती हैं । जब साधू गांव में आया तो प्रत्येक व्यक्ति उस साधू के दर्शन के लिए जाने लगा । दक्षिणा देकर विभूति एवं प्रसाद प्राप्त करने लगा । 'घर में पैसा आएं, खेत में अनाज आने दें, कुआं खोदते समय पानी लगें' आदि अनेक व्यावहारिक अडचनें गांववाले उस साधू के पास प्रकट कर रहे थे । साधू नेत्र बंद करके बैठते थे । आनेवाले लोग उनके चरणोंपर माथा रखकर अपना व्यर्थ प्रलाप सुनाते थे । सुनकर साधू उन्हें विभूति लगाता था । इसके लिए लोगों को उसे दक्षिणा देनी पडती थी । तदुपरांत वह साधू उन्हें आशीर्वाद देता था । तुकाराम महाराज ने यह वार्ता सुनी । तब उन्होंने उस साधू के दर्शन करने का निश्चय किया । साधू के दर्शन करने के लिए बहुत भीड एकत्रित थी । उस भीड से धीरे-धीरे मार्ग निकालकर वे उस साधू के सामने आकर बैठ गए । साधू नेत्र बंद कर शांत बैठा था । आधा-एक घंटा होनेपर भी उसने अपने नेत्र नहीं खोले । साधू के नेत्र खोलने तथा उसकी दिव्यदृष्टि के लिए लोग उत्कंठा से प्रतीक्षा कर रहे थे । संत तुकारामजी साधू के स्वभाव से पूर्णतः परिचित थे । कुछ समय उपरांत साधू ने नेत्र खोले तथा संत तुकाराम महाराज को सामने बैठा देखकर उसने प्रश्न किया कि "आप कब आए ?" तुकाराम महाराज ने तुरंत उत्तर दिया, "जब आप नेत्र बंद कर मन में विचार कर रहे थे कि, यह गांव सुस्थिति में दिखता है । यहां की भूमि उपजाऊ एवं वाटिका लगाने योग्य है । यहां के लोग भी मुझे बहुत सम्मान देने लगे है, दक्षिणा भी भरपूर दे रहे हैं । इस दक्षिणा से यहां की भूमि क्रय करूंगा तथा गन्ने की खेती करूंगा । खेती से मुझे असीमित धन प्राप्त होगा । वह धन आप गिन रहे थे, उसी समय मैं यहां आया ।" उनके ये शब्द सुनकर वह ढोंगी साधू घबरा गया । उसके मुख से एक शब्द भी नहीं निकल सका । वह समझ गया कि अब इस गांव में मेरी दाल नहीं गलेगी । इसलिए वह दूसरे दिन सूर्योदय से पूर्व ही किसी को बिना बताए अपने बोरिया-बिस्तर समेटकर वहां से नौ-दो-ग्यारह हो गया !

# राम भाव में ही है मनुष्यता का भविष्य



शाश्वत मूल्य बोध के विग्रह स्वरूप श्रीराम भारतीय संस्कृति के एक ऐसे लोक-विश्रुत मानवीय उत्कर्ष हैं जो पढ़े-लिखे और अनपढ़ समाज के हर वर्ग के लिए युगों-युगों से प्रेरणा के स्रोत बने हुए हैं। साहित्य जगत ने राम-कथा में कल्पना और रस का अजस्र स्रोत ढूंढ़ा है और अनगिनत कवियों और लेखकों ने अपने सृजन का आधार बनाया। साहित्य की इस परंपरा का स्पष्ट संदेश है कि पृथ्वी पर श्रीराम का आविर्भाव और अवतरण मात्र लोक कल्याण के हित हुआ। उन्हें अयोध्या के राजा के पुत्र दशरथनंदन के व्याज से मानुष भाव में प्रतिष्ठित करते हुए भारतीय मनीषा मनुष्यता की चुनौतियों, उसके द्वंद्वों, संघर्षों और उपलब्धियों से परिचित कराते हैं। वाल्मीकि रामायण की प्राचीनता भी इस तथ्य की पुष्टि करती है। उसमें वर्णित श्रीराम की विलक्षण गाथा मनुष्य द्वारा सत्य के चरम साक्षात्कार करते रहने के लिए निर्मम आह्वान करती है। यह अलौकिक गाथा इस तथ्य को रेखांकित करती है कि कदाचित मनुष्य जीवन की यह एक अनिवार्य विडंबना है कि उसमें ऊपर उठने और नीचे गिरने, दोनों तरह की प्रवृत्तियां सहज संभव हैं। जीवन में दिन और रात की तरह उत्कर्ष और अपकर्ष दोनों की उपस्थिति स्वाभाविक है। इनके बीच संतरण के लिए धर्म के अनुकूल कर्तव्य पालन ही एकमात्र साधन उपलब्ध है। यही वह रसायन या प्रौद्योगिकी है, जो जीवन में अनुभव की जाने वाली सीमाओं को संभावनाओं में बदल देती है। श्रीराम का पूरा जीवन ही विभिन्न भूमिकाओं के आपसी द्वंद्वों और उससे जुड़ी तरह-तरह की चिंताओं से भरा हुआ है। पुत्र, शिष्य, पति, भाई, युवा, मित्र, योद्धा और राजा आदि विभिन्न रूपों में श्रीराम लगातार एक से बढ़कर एक चुनौती का सामना करते हैं। उन्हें लगातार पीड़ा सहनी पड़ती है और दुख उठाने पड़ते हैं। एक प्रतापी राजा के युवराज होने पर भी उनके धैर्य की परीक्षा कदम-कदम पर जीवन भर निरंतर ली जाती रही। लंकापति रावण के रूप में उनके सम्मुख चरम जटिलता वाली चुनौती उपस्थित होती है। ज्ञानी और समृद्ध राजा होकर भी धर्म का विरोध करने की दुर्बुद्धि रावण को श्रीराम का शत्रु बना देती है। वह शौर्य में अद्वितीय था, फिर भी उसे धर्मविरुद्ध आचरण करने में किसी तरह की शंका नहीं होती। परिणामस्वरूप उसकी स्वर्णपुरी विनष्ट हो गई। जीवन में आने वाले संघर्षों के समाधान के लिए श्रीराम एक नीतिज्ञ के रूप में अपनी दैहिक, दैविक और भौतिक सभी तरह की शक्तियों को संयोजित करते हैं। वे नर हों या वानर, सबका सहयोग लेते हैं और धर्म की रक्षा करने का जतन करते हैं। वे स्वयं मर्यादा का निर्वाह करते हैं और उसके उल्लंघन को दंडित करना उनकी नीति है। श्रीराम के धर्म की गत्यात्मकता ही उनकी लोकप्रियता का मुख्य कारण है। तभी भारत के साथ कंबोडिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया जैसे कई देशों में श्रीराम लोकप्रिय हुए। वे जन-स्मृति का हिस्सा बनते गए और उनकी कथा सबके मानस में गहरे उतरती गई। इसका प्रमाण है अनेकानेक भाषाओं में राम-कथा का निरंतर लेखन, अंकन, मंचन और गायन। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के लोकार्पण के बाद कुछ ही समय में करोड़ों भक्तों के आगमन और उनके दर्शन-लाभ लेने से श्रीराम की भारतीय मानस में उकेरी दिव्य छवि की पुष्टि हुई है। रामायण आज भारत की हर भाषा में है और सबने हृदय से उसे अपनाया, पर उसे आत्मसात करते हुए क्षेत्र विशेष की परंपराओं के अनुसार राम कथा के कथानक और आख्यानों में भी बदलाव आया। यह स्वाभाविक भी था, क्योंकि राम अपने हैं और अपना अपनों जैसा ही होना चाहिए। अवधी में रचित गोस्वामी तुलसीदास जी का 'रामचरितमानस' पिछली पांच सदियों से लोक जीवन में प्रतिष्ठित है। आज के परिवेश में श्रीराम का स्मरण हमें अपने स्वभाव और कर्म पर विचार करने को उद्यत करता है। आज विश्व में युद्ध, आतंक और हिंसा की तीव्र और ऊंची लहरें सतत उठ रही हैं। इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के तात्कालिक कारण अक्सर बदले की भावना और उससे उपजती फौरी कारवाई होती है, परंतु अनावश्यक प्रतिस्पर्धा और लिप्सा सबको लीलती जा रही है। अनियंत्रित लोभ इनके लिए आवश्यक ऊर्जा जुटाते हैं। इसके पीछे आज की बदलती जीवन दृष्टि ही जिम्मेदार प्रतीत होती है। धर्म और अधर्म से परे अपनी शक्ति और प्रभाव को बढ़ाने और बढ़ाते रहना ही आज के विश्व में प्रिय हो रहा है, पर इसके दुष्परिणाम सर्वत्र दिख रहे हैं। मनुष्य जीवन तो दूभर हो ही रहा है, पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रदूषित और क्षतिग्रस्त हो रहा है। एक युद्ध चार वर्षों से चल रहा है। एक दूसरा जारी है, जो सबको अपनी चपेट में ले रहा है। आज धरती पर जीवन के सामने चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। बड़े, धनी और राजनीतिक प्रभाव वाले देश नियमों, कानूनों और मानवीय मूल्यों को धता बताते हुए दूसरे देशों पर अधिकार जमाने के लिए अपने को स्वतंत्र समझते हैं। निराशाजनक यह

*यही वह रसायन या प्रौद्योगिकी है, जो जीवन में अनुभव की जाने वाली सीमाओं को संभावनाओं में बदल देती है। श्रीराम का पूरा जीवन ही विभिन्न भूमिकाओं के आपसी द्वंद्वों और उससे जुड़ी तरह-तरह की चिंताओं से भरा हुआ है। पुत्र, शिष्य, पति, भाई, युवा, मित्र, योद्धा और राजा आदि विभिन्न रूपों में श्रीराम लगातार एक से बढ़कर एक चुनौती का सामना करते हैं। उन्हें लगातार पीड़ा सहनी पड़ती है और दुख उठाने पड़ते हैं। एक प्रतापी राजा के युवराज होने पर भी उनके धैर्य की परीक्षा कदम-कदम पर जीवन भर निरंतर ली जाती रही। लंकापति रावण के रूप में उनके सम्मुख चरम जटिलता वाली चुनौती उपस्थित होती है। ज्ञानी और समृद्ध राजा होकर भी धर्म का विरोध करने की दुर्बुद्धि रावण को श्रीराम का शत्रु बना देती है। वह शौर्य में अद्वितीय था, फिर भी उसे धर्मविरुद्ध आचरण करने में किसी तरह की शंका नहीं होती। परिणामस्वरूप उसकी स्वर्णपुरी विनष्ट हो गई। जीवन में आने वाले संघर्षों के समाधान के लिए श्रीराम एक नीतिज्ञ के रूप में अपनी दैहिक, दैविक और भौतिक सभी तरह की शक्तियों को संयोजित करते हैं। वे नर हों या वानर, सबका सहयोग लेते हैं और धर्म की रक्षा करने का जतन करते हैं। वे स्वयं मर्यादा का निर्वाह करते हैं और उसके उल्लंघन को दंडित करना उनकी नीति है। श्रीराम के धर्म की गत्यात्मकता ही उनकी लोकप्रियता का मुख्य कारण है। तभी भारत के साथ कंबोडिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया जैसे कई*

# रामराज्य को साकार करने की रूपरेखा



रामनवमी का पावन पर्व भारतीय जनमानस के लिए केवल एक तिथि नहीं, बल्कि मर्यादा, त्याग और सत्य की विजय का उत्सव है। यह पर्व हमें एक ऐसे आदर्श समाज की स्मृति दिलाता है, जिसे रामराज्य के रूप में युगों-युगों से एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ माना गया है। नवंबर 2025 में अयोध्या में 'धर्म ध्वजारोहण' के अवसर पर जो संवाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्र के सम्मुख रखा गया, वह न केवल भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक था, बल्कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक सुस्पष्ट नैतिक रोडमैप भी था। इस विमर्श का सबसे गहरा पक्ष 'विभीषण गीता' का वह प्रसंग था, जिसके माध्यम से प्राचीन मानवीय मूल्यों को आधुनिक सुशासन और राष्ट्र-निर्माण से जोड़ा गया। यह संवाद उस गंभीर क्षण पर होता है, जब रावण को अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित एक विशाल रथ पर सवार देखकर विभीषण विचलित हो जाते हैं। इसके उत्तर में जिस 'धर्मरथ' का वर्णन किया गया, वह भौतिक संसाधनों पर आंतरिक गुणों और चारित्रिक सुदृढ़ता की श्रेष्ठता का उद्घोष है। किसी राष्ट्र की उन्नति के लिए साहस और संयम का संतुलन अनिवार्य है। धर्मरथ के दो पहिए 'शौर्य' और 'धैर्य' इसी संतुलन को दर्शाते हैं। समकालीन संदर्भों में 'शौर्य' का अर्थ नीतिगत निर्णय लेने का साहस और चुनौतियों के सामने अडिग रहने की इच्छाशक्ति है। वहीं 'धैर्य' का अर्थ है उन सुधारों के दीर्घकालिक परिणामों के प्रति प्रतिबद्धता और वैश्विक संकटों के समय विचलित न होना। विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह आवश्यक है कि राष्ट्र का रथ इन दो गुणों के संतुलन से चले। धर्मरथ की ध्वजा 'सत्य' और 'शील' का प्रतीक है। आधुनिक सुशासन में 'सत्य' का अर्थ पारदर्शिता और जवाबदेही है। जब व्यवस्था में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं होता और प्रत्येक निर्णय सार्वजनिक हित में लिया जाता है, तब सत्य की ध्वजा ऊंची रहती है। आज 'शील' या सदाचार का अर्थ नागरिकों और लोकसेवकों का वह आचरण है, जो मर्यादा के अनुकूल हो। यह आचरण ही किसी देश की छवि को वैश्विक पटल पर स्थापित करता है। बल, विवेक, दम और परहित राष्ट्र की चतुर्मुखी शक्ति है। धर्मरथ को खींचने वाले ये चार 'घोड़े' राष्ट्र की शक्ति और उसके उद्देश्यों को परिभाषित करते हैं। जहां 'बल' राष्ट्र की सामर्थ्य और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, वहीं 'शक्ति' संग विवेक का होना अनिवार्य है। आज के युग में विवेक का अर्थ है वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीक का मानवीय कल्याण के लिए उपयोग। प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जिम्मेदारी 'दम' का ही आधुनिक रूप है। 'परहित' भी महत्वपूर्ण है। विकास की सार्थकता तभी है, जब वह समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इन चार घोड़ों को नियंत्रित करने वाली लगाम क्षमा, कृपा और समता की रस्सियां हैं। बिना सामाजिक न्याय और समानता के विकास का रथ अनियंत्रित हो सकता है। समावेशी विकास का अर्थ ही यही है कि समाज का हर वर्ग समान रूप से सशक्त बने। अयोध्या के प्रसंग में 'कोविदार' वृक्ष के प्रतीक का उल्लेख महत्वपूर्ण रहा है। प्राचीन काल में कोविदार का चिह्न अयोध्या की सेना और राज्य की पहचान था। यह प्रतीक हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी जड़ों से कट जाता है, तो उसका वैभव इतिहास में दब जाता है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि एक ऐसा राष्ट्र है जो अपनी भाषाई विविधता, सांस्कृतिक परंपराओं और प्राचीन ज्ञान तंत्र पर गर्व करता हो। मानसिक दासता से मुक्ति और अपनी पहचान की पुनर्स्थापना ही राष्ट्र के आत्मविश्वास को लौटाती है। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा पीढ़ी है। यह युवा शक्ति ही वह सारथी है, जो 2047 के संकल्प को सिद्ध करेगी। तकनीक, स्टार्टअप्स और नवाचार के माध्यम से आज के युवा भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में अग्रसर हैं।

*आधुनिक सुशासन में 'सत्य' का अर्थ पारदर्शिता और जवाबदेही है। जब व्यवस्था में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं होता और प्रत्येक निर्णय सार्वजनिक हित में लिया जाता है, तब सत्य की ध्वजा ऊंची रहती है। आज 'शील' या सदाचार का अर्थ नागरिकों और लोकसेवकों का वह आचरण है, जो मर्यादा के अनुकूल हो। यह आचरण ही किसी देश की छवि को वैश्विक पटल पर स्थापित करता है। बल, विवेक, दम और परहित राष्ट्र की चतुर्मुखी शक्ति है। धर्मरथ को खींचने वाले ये चार 'घोड़े' राष्ट्र की शक्ति और उसके उद्देश्यों को परिभाषित करते हैं। जहां 'बल' राष्ट्र की सामर्थ्य और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, वहीं 'शक्ति' संग विवेक का होना अनिवार्य है। आज के युग में विवेक का अर्थ है वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीक का मानवीय कल्याण के लिए उपयोग। प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग और पर्यावरणीय*

# आलोचना की आदत



इस पर आश्चर्य नहीं कि पश्चिम एशिया संकट पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद भी विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस को यही दिख रहा है कि अमेरिका-इजरायल एवं ईरान के बीच छिड़े युद्ध पर भारत सरकार की कूटनीति विफल है। इस युद्ध के पहले दिन से ही कांग्रेस भारत सरकार को कोस रही है। वह ऐसा दिखा रही है, जैसे इस युद्ध में भारत की कोई भूमिका है अथवा उसकी कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी है। सब जानते हैं कि भारत का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं, पर कांग्रेस नेता इसे समझने को तैयार नहीं। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि वे यह चाह रहे हैं कि पश्चिम एशिया संकट के मामले में भारत सरकार को उनके कहे के अनुसार ही चलना चाहिए, पर उनके पास इसका कोई जवाब नहीं कि इस युद्ध के कारण जो ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, उसका समाधान कैसे किया जाना चाहिए? इससे इन्कार नहीं कि विश्वव्यापी ऊर्जा संकट का असर देश पर भी पड़ रहा है और कहीं-कहीं गैस की किल्लत भी देखने को मिल रही है, लेकिन भारत के मुकाबले कई देशों की स्थिति कहीं अधिक गंभीर है। कांग्रेस इसे समझने के बजाय यह माहौल बना रही है कि प्रधानमंत्री की किसी गलती से देश में गैस की भारी किल्लत पैदा हो गई है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। यह केवल घोर नकारात्मकता ही नहीं, किसी भी मसले और यहां तक कि विदेश नीति पर भी एकजुटता का परिचय न देने की जिद ही है। लगता है कि कांग्रेस के शब्दकोश में रचनात्मक सहयोग जैसा कोई शब्द ही नहीं और वह यह भी भूल चुकी है कि विपक्ष का काम सकारात्मक सुझाव देना भी होता है। कांग्रेस यह देखने को तैयार नहीं कि भारत सरकार ऊर्जा संकट को गहराने न देने के लिए भरसक प्रयत्न कर रही है और अब कहीं अधिक देशों से तेल और गैस खरीद के सौदे कर रही है। इसके बाद भी कांग्रेस को चैन नहीं। वह यह देखने से इन्कार कर रही है कि ईरान की ओर से होर्मुज समुद्री मार्ग बंद कर देने के बावजूद भारत के तेल एवं गैस टैंकर वहां से निकल पा रहे हैं। यह सही है कि होर्मुज से उनकी निकासी सुगम नहीं, लेकिन क्या यह भारतीय कूटनीति की जीत नहीं कि ईरान भारत को मित्र देश कहकर उसके जहाजों को निकलने दे रहा है? कांग्रेस को यह भी बुरा लग गया कि अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की कथित मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने यह कह दिया कि भारत पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं।

## सनराइज आई केयर एंड ऑप्टिकल का भव्य शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सनराइज आई केयर एंड ऑप्टिकल का भव्य शुभारंभ किया गया। इस मौके पर क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और कार्यक्रम एक उत्सव के रूप में नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलाश बड़बड़वाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता मुखराम धनकड़ ने की।उद्घाटन के दौरान सुरेश गिठाला सहित अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जयराम राठी निदेशक, एसपीएस ग्रुप, बीरबल यादव प्रबंध निदेशक, सुरेंद्र मौर्य, कुलदीप राज मिश्रा, आर.टी. यादव सहित कई नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर दयाराम राठी ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में आंखों से जुड़ी आधुनिक सुविधाओं का अभाव था, जिसके चलते लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज शहरों का रुख करना पड़ता था। लेकिन अब सनराइज आई केयर एंड ऑप्टिकल के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही अत्याधुनिक जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।उन्होंने कहा कि इस सेंटर के शुरू होने से न केवल समय और पैसे की बचत होगी, बल्कि ग्रामीणों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं भी मिल पाएंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और क्षेत्रवासियों ने इस पहल को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात बताया।

## चैत्र नवरात्रि अनुष्ठान पूर्णाहुति



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर की राधा बाग कॉलोनी चौमूं में स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ संस्थान पर 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ लघु अनुष्ठान का संकल्प पूरा किया गया। जिसमें सभी धर्म प्रेमियों, साधक गणों ने गायत्री महायज्ञ में अपने अनुष्ठान की पूर्णाहुति की। गायत्री परिवार ट्रस्ट सचिव राजकुमार शर्मा ने बताया कि नवरात्रि पर्व का मुख्य उद्देश्य शक्ति साधना के माध्यम से आंतरिक शुद्धि, आत्मबल में वृद्धि और नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। यह 9 दिनों तक निराहार/अल्पाहार, मौन व्रत, और गायत्री मंत्र के अनुष्ठान से शारीरिक-मानसिक शुद्धि तथा आध्यात्मिक जागृति का अवसर माना जाता है। वहीं ट्रस्ट उपाध्यक्ष ने बताया कि भामाशाहों की ओर से गायत्री प्रज्ञापीठ संस्थान की जीर्णोधार के लिए भरपूर सहयोग किया जा रहा है जो कि शहर का सबसे बड़ा भारतीय संस्कृति संरक्षण के लिए रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। जिसके लिए कोई भी परिजन अपना स्वैक्षिक अनुदान करना चाहता है तो वह समिति से संपर्क कर सकता है। वही ट्रस्ट अध्यक्ष विनेश अग्रवाल ने सभी के समक्ष प्रज्ञापीठ के निर्माण की रूपरेखा स्पष्ट की। कार्यक्रम के पश्चात 108 कन्याओं के लिए भोजन प्रसादी की गई। कार्यक्रम के दौरान जगदीश शर्मा, बनवारी लाल योगी, पवन माहेश्वरी, मदनलाल विजय, सालिगराम अग्रवाल, राजेंद्र सैन, शकुंतला अग्रवाल, संगीता गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, परिव्राजक दयाराम राजपाल और प्रज्ञापीठ कार्यकर्ता रमेश राजपाल सहित आदि परिजन उपस्थित रहे।

## सहरिया महाविद्यालय की रीको भूमि में अतिक्रमण हटाया



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय कालाडेरा की रीको परिसर में स्थित कृषि भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों के मद्देनज़र प्राचार्य प्रोफ़ेसर जय भारत सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की रीको कृषि भूमि समिति ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भूमि पर किए गए अवैध कब्जों की पुष्टि होने पर समिति ने तत्परता दिखाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करवाई। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय की कृषि भूमि शैक्षणिक एवं शोध कार्यों के लिए आरक्षित है, जिस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने राजस्व अभिलेखों का मिलान कर स्थिति स्पष्ट की और संबंधित अधिकारियों द्वारा इस बाबत त्वरित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। समिति ने अतिक्रमण कर्ताओं को मौके पर चेतावनी दी कि भविष्य में यदि पुनः अतिक्रमण करने की कोशिश की गई तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महाविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि परिसर की भूमि की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर रीको कृषि भूमि समिति के संयोजक प्रोफ़ेसर मानप्रकाश मीणा, डॉ. के. के. वर्मा, डॉ. अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### माली समाज का 19वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन

# चौमूं में रामनवमी पर 27 जोड़े बने हमसफर

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** रामनवमी के अबूझ सावे पर माली समाज विकास समिति चौमूं के तत्वावधान में गुरुवार को 19वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें 27 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधे। सुबह आदर्श विद्या मंदिर से दूल्हे पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी घोड़ियों पर सवार होकर बारात के साथ रवाना हुए। बारात थाना मोड़ चौराहा, जयपुर रोड होते हुए सैनी समाज सभा भवन पहुंची। यहां तोरण, वरमाला और पाणिग्रहण की रस्में संपन्न हुई। गायत्री परिवार के आचार्य पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी जोड़ों का विधिवत पाणिग्रहण संस्कार संपन्न करवाया। वहीं सामूहिक बारात का थाना मोड़ चौराहे से बस स्टैंड तक बनाए गए तोरणद्वारों पर सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर बारातियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, विधायक डॉ. शिखा मील बराला, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, आरएलपी नेता छुट्टन यादव, आरपीएस अधिकारी प्रदीप शर्मा, थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। अंजनी हनुमान मंदिर के महामंडलेश्वर हरिकृष्ण दास ग्वालिया बाबा ने सभी को आशीर्वचन दिए। अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष हीरालाल सैनी के नेतृत्व में माला, साफा और वीर हनुमानजी की तस्वीर भेंटकर किया गया। सम्मेलन में समाज के लिए भूमि आवंटन की मांग उठाई गई, जिस पर सभी जनप्रतिनिधियों ने सकारात्मक आश्वासन दिया। विधायक बराला ने समाज की लड़कियों के लिए लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा भी की। इस दौरान समिति महामंत्री मदनलाल मालेरिया, कोषाध्यक्ष एडवोकेट कुमार गौरव सैनी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश तिगरिया, घीसालाल सैनी, डॉ. ओ.पी. कटारिया, डॉ. नरेंद्र सैनी, डॉ. आशुतोष सैनी, सैनी अधिकारी कर्मचारी समिति के ब्लॉक चौमूं अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जयनारायण चांदोलिया, डॉ. मानप्रकाश सैनी, सुरेश कुमार तंवर, निवर्तमान पार्षद सायर सैनी, सहित अनेक पदाधिकारी व समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मकराना की खान नंबर 158 में अवैध खनन का खेल, म्यूटेशन बिना ही करोड़ों का मार्बल दोहन

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** मार्बल नगरी मकराना के चोसिरा रेंज स्थित खान नंबर 158 में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और अवैध खनन का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बिना म्यूटेशन (नामांतरण) के ही खनन कार्य जारी है और इकरारनामा व अग्रिम राशि के नाम पर करोड़ों रुपये के लेन-देन के बीच नियमों को दरकिनार कर लगातार मार्बल निकाला जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, खान के कई लाइसेंसधारियों की मृत्यु के बाद भी उनके नाम पर म्यूटेशन नहीं कराया गया, जबकि नियमानुसार यह अनिवार्य है। इसके बावजूद खनन कार्य बेरोकटोक जारी है। इतना ही नहीं, आरोप है कि खननकर्ताओं ने पड़ोसी खान की सीमा में अतिक्रमण कर लाखों रुपये के मार्बल का दोहन किया, जिससे अन्य खान मालिकों को नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि खान का एक हिस्सा राजस्व न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद वहां भी खनन किया जा रहा है। वहीं, पूर्व दिशा में स्थित दूसरी खान में भी अवैध खनन कर मार्बल निकाले जाने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की शह पर यह अवैध खनन लंबे समय से जारी है और शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे न केवल खनन नियमों की अनदेखी हो रही है, बल्कि सरकार को राजस्व का भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि जिला प्रशासन ने अवैध खनन रोकने के लिए कमेटी का गठन किया है और राज्य सरकार भी सख्ती के दावे कर रही है, लेकिन इस मामले ने निगरानी तंत्र की कमजोरी उजागर कर दी है।

### खनन विभाग का पक्षः

खनन अभियंता ललित मंगल ने बताया कि उक्त खदान के 30म60 फीट क्षेत्र में न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त है। इसके अतिरिक्त कहीं खनन हो रहा है तो जांच कर नियमों के विरुद्ध पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

अब प्रभावित पक्ष ने प्रशासन और खनिज विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध खनन पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## गुरु गोलवलकर आकांक्षी योजना में शिक्षा को मिली नई उड़ान, स्मार्ट बोर्ड, आरओ व पुस्तकालय का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**नावां सिटी(निस)।** नावां में शिक्षा के विकास को नई दिशा देते हुए गुरु गोलवलकर आकांक्षी योजना के तहत पीएमश्री राजकीय विधालय में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने शिरकत की। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री चौधरी ने 30 विद्यालयों को स्मार्ट बोर्ड एवं वाटर आरओ सिस्टम प्रदान किए, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया और जरूरतमंद छात्रों को निशुल्क साइकिलों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मंत्री विजय सिंह चौधरी ने मोर परिवार की ओर से करीब 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक शौचालय का लोकार्पण किया गया। वहीं, संपत कुंज चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 17 लाख रुपये की लागत से बने पुस्तकालय भवन का उद्घाटन भी किया गया, जो विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का एक बेहतर केंद्र साबित होगा। राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने विद्यालय परिसर में पानी भराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सीमेंट ब्लॉक लगाने की घोषणा की। उन्होंने पूर्व में घोषित 10 लाख रुपये की लागत से कक्षा कक्ष निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में मंत्री चौधरी ने कहा कि राजस्थान की भजनलाल सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रही है और विद्यालयों के निर्माण एवं रखरखाव के लिए भरपूर बजट उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान प्रतिनिधि राजेश गुर्जर ने विद्यालय को एयर कंडीशनर भेंट कर योगदान दिया। इस आयोजन ने क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल और नई उम्मीदों का संचार किया। इस दौरान काफी संख्या में जनप्रतिधि व शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश, 5 आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**नावांसिटी(निस)।** डीडवाना-कुचामन जिले में बढ़ती साइबर ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नावा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितेंद्र सिंह (मुख्य आरोपी), महेश कुमार, दीपक, राजेंद्र और राजेश के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल फोन सहित दो स्कॉर्पियो कार भी जब्त की हैं। गश्त के दौरान हुई कार्रवाईयह कार्रवाई उस समय सामने आई जब नावा थाने के एएसआई परमा राम अपनी टीम के साथ नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस को ये युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लैपटॉप और मोबाइल के साथ गतिविधियों में लिप्त दिखाई दिए। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस उन्हें थाने ले आई, जहां गहन पूछताछ में पूरे गिरोह का खुलासा हुआ। सोशल मीडिया के जरिए करते थे ठगीथानाधिकारी नंद लाल रिणवा के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आकर्षक और प्रलोभन भरे विज्ञापन बनाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। ये लॉटरी, ऑनलाइन गेम, नौकरी, लोन, निवेश और सस्ते सामान का लालच देकर लोगों से संपर्क करते और फिर विभिन्न बहानों से पैसे ट्रांसफर करवा लेते थे। कई मामलों में फर्जी लिंक भेजकर भी ठगी की जाती थी। रिमांड पर लेकर पूछताछ जारीवृताधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क के बारे में अहम जानकारी मिलने की संभावना है। कानूनी कार्रवाई और जांच जारीअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह नेहरा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 117, 318, 111(1,2,3,4) और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस गिरोह का नेटवर्क किन-किन क्षेत्रों तक फैला हुआ था। एएसपी नेहरा ने युवाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्दी पैसा कमाने के लालच में गलत रास्ता अपनाने वाले अंततः कानून के शिकंजे में आ ही जाते हैं। ऐसे कृत्य न केवल भविष्य को बर्बाद करते हैं बल्कि परिवार और समाज में बदनामी का कारण भी बनते हैं। आमजन से अपीलजिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर मिलने वाले किसी भी प्रलोभन या संदिग्ध लिंक पर भरोसा न करें और अपनी बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।

## बाल सुरक्षा व साइबर अपराध पर कार्यशाला, 'एक मुट्ठी आसमान' थीम से जागरूकता पर जोर




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एडीआर परिसर में बाल सुरक्षा, साइबर अपराध व नालसा योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता सचिव एडीजे रेखा यादव, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मधु शर्मा, स्थाई लोक अदालत सदस्य वीरेंद्र उपाध्याय, एनसीपीसीआर सलाहकार राकेश तिवारी एवं उपनिदेशक रामखिलाड़ी पोशवाल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। सचिव रेखा यादव ने नालसा की थीम 'एक मुट्ठी आसमान' के माध्यम से न्याय तक समान पहुंच का संदेश देते हुए बताया कि कमजोर व वंचित वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष पीड़ितों, बाल अधिकार संरक्षण, बाल श्रम व तस्करी रोकथाम तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। एनसीपीसीआर के सलाहकार राकेश तिवारी ने मिशन वात्सल्य, बाल विवाह रोकथाम, पोक्सो कानून, किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण तंत्र की संरचना पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ग्राम स्तर से जिला स्तर तक बाल सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव के लिए हेल्पलाइन 1930 व नालसा टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई। अंत में प्रयत्न संस्था के उपनिदेशक रामखिलाड़ी पोशवाल ने आभार व्यक्त किया।

## डॉक्टर्स ने की आरजीएचएस भुगतान पर अनिश्चित हड़ताल की घोषणा

जयपुर टाइम्स



**चौंमू(निस)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और प्राइवेट डॉक्टर एसोसिएशन ने एक अहम बैठक के बाद अनिश्चित हड़ताल का ऐलान किया है। यह हड़ताल शुक्रवार आधी रात 12:00 बजे से लागू होगी। डॉ . हनुमान बराला ने बताया कि यह अनिश्चित कालीन हड़ताल सरकार की ओर से भुगतान में देरी के कारण की गई है। इस फैसले के तहत सभी निजी अस्पतालों में ओपीडी और फार्मेसी सेवाएं पूरी तरह से बंद रहेगी।डॉक्टर ने सरकार से शीघ्र ही अपील की है कि इसका शीघ्र ही समाधान करें और मरीजों को इलाज में कोई परेशानी ना हो। इस दौरान डॉ. एन के अग्रवाल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान सचिव, डॉ. हनुमान बराला, डॉ.अशोक कुमावत, डॉ. ओपी कटारिया, डॉ. आर एस मानवत, डॉ. विमल कुमावत, डॉ. अशोक टोकस, डॉ. राकेश चौधरी, डॉ. रोहित चोपड़ा आदि डॉक्टर उपस्थित रहे।

## बाग वाले बालाजी मंदिर से रवाना होगी 26 वीं पदयात्रा

**नरैना(निसं)।** कस्बे के ऐतिहासिक गौरीशंकर सरोवर के पूर्वी छोर पर स्थित श्री बाग वाले बालाजी मंदिर से बुधवार सुबह सवा पांच बजे 26 वीं पदयात्रा सुसज्जित झांकी व गाजे बाजे के साथ श्री बंधे बालाजी मंदिर के लिए रवाना होगी। राधेश्याम मुरारका व चांद कुमावत ने बताया कि दोपहर सवा बारह बजे बालाजी के ध्वज चढ़ाकर भोग अर्पित कर आरती के पश्चात पंगत प्रसादी का आयोजन होगा।

## जनकल्याणकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंचाएं

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कंचनपुर मंडल में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला प्रभारी रवि नैयर ने कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराना जरूरी है, ताकि वे प्रभावी ढंग से जनता के बीच कार्य कर सकें। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अनुशासित, कर्मठ और देश के प्रति समर्पित होता है, जो अन्य दलों से अलग पहचान रखता है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्ग सिंह अंधाना, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास बघेल, रामप्रसाद गोस्वामी, पूर्व जिला परिषद सदस्य वाचाराम बघेल, जिला मंत्री विजय त्यागी, विनय परमार, जितेंद्र तिवारी, पंकज कुमार शर्मा व मंडल अध्यक्ष सुभाष तोमर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या करने वाले दंपति को आजीवन कारावास

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पाली जिले के पावा गांव में वर्ष 2019 में हुए सनसनीखेज दिनेश हत्याकांड में आखिरकार सात साल बाद न्याय का फैसला सामने आया है। एडीजे कोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए हत्या के दोषी पाए गए पति-पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश पुखराज गहलोत ने मामले में पेश साक्ष्यों, परिस्थितियों और गवाहों का गहन परीक्षण करने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया। कोर्ट ने अपने निर्णय में माना कि हत्या सोची-समझी साजिश के तहत की गई थी, जिसमें दोनों की बराबर की भूमिका रही। अभियोजन के अनुसार मृतक दिनेश का महिला आरोपी से प्रेम संबंध था। इस रिश्ते को लेकर उपजे विवाद ने खौफनाक मोड़ लिया और पति-पत्नी ने मिलकर दिनेश की हत्या की साजिश रच डाली। वारदात को अंजाम देने के बाद मामले को छिपाने का भी प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस जांच में सच्चाई सामने आ गई। घटना के बाद तखतगढ़ थाने में मामला दर्ज हुआ। जांच के दौरान तत्कालीन थानाधिकारी रविंद्रसिंह खिंची ने अहम सुराग जुटाते हुए पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ीं। वैज्ञानिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने केस को मजबूत बनाया। न्यायालय में अतिरिक्त लोक अभियोजक शिवराज सिंह राणावत ने सशक्त पैरवी करते हुए गवाहों और सबूतों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। अभियोजन की ठोस दलीलों के आगे बचाव पक्ष की दलीलें कमजोर पड़ गईं। करीब सात वर्षों तक चले इस बहुचर्चित मुकदमे के बाद आए फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय मिला है। वहीं क्षेत्र में इस निर्णय को न्याय व्यवस्था की मजबूती और अपराध के प्रति सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल मनोहरपुर, जिला -जयपुर (राज)**

क्रमांक : – न.पा.मनो./2025–26/3556 दिनांक– 23.03.2026

**ई–निविदा सूचना –न.पा.मनो./2025–26/314**

नगरपालिका मनोहरपुर की ओर से निर्मलिखित कार्य के लिए सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा **website www.sppp.raj.in** से **download** कर देखी / प्राप्त की जा सकती है **RTPP** एक्ट की नियम और शर्त लागु होंगी जिसके **NIB Code** व **UBN No.** इस प्रकार है।

| S.NO | NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|---|
| 1. | DLB2526B3426 | DLB2526GSOB40024 |

राज.संवाद/सी/25/23389

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका मनोहरपुर**



## कुंभकर्ण की भूमिका में नजर आएंगे फैसल मलिक

**फिल्म 'रामायण' सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित हैं। खबर है कि इस फिल्म से 'पंचायत' फेम फैसल मलिक भी जुड़ रहे हैं। वह इसमें अहम किरदार निभाएंगे।**

'रामायण' में कुंभकर्ण की भूमिका के लिए फैसल मलिक को चुना गया है। इससे पहले, इस भूमिका के लिए बॉबी देओल का नाम सामने आया था। फैसल मलिक को सीरीज 'पंचायत' में प्रह्लादचा का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्हें अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में भी देखा गया था।

पहला शेड्यूल पूरा किया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। बताया जाता है कि वह मुंबई के प्राइम फोकस स्टूडियो में कुंभकर्ण के शुरुआती सीन के लिए यश के साथ शामिल हुए। सूत्र ने पोर्टल को बताया कि फैसल मलिक की लंबाई और उनकी अच्छी-खासी कद-काठी उन्हें इस रोल के लिए एकदम सही बनाती है। अब तक, फैसल मलिक को कास्ट किए जाने की कोई भी आधिकारिक पुष्टि न तो फिल्म बनाने वालों की तरफ से हुई है और न ही एक्टर की तरफ से।

### रामायण की कास्ट

वैरायटी इंडिया ने हाल ही में जानकारी दी थी कि राघव जुयाल को रामायण में मेघनाद (जिसे इंद्रजीत भी कहा जाता है) का रोल निभाने के लिए चुना गया है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम का रोल निभा रहे हैं, वहीं साई पल्लवी देवी सीता के रूप में नजर आएंगी। यश इस फिल्म में रावण के रूप में दिखाई देंगे। सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण का रोल निभाएंगे। काजल अग्रवाल और रकुल प्रीत सिंह मंदोदरी और शूर्पणखा के रूप में नजर आएंगी।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं। रामायण पार्ट वन इस दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है, जबकि इसका दूसरा भाग 2027 की दिवाली पर रिलीज होगा।



# सपनों को उड़ान देने के लिए पंख जरूरी और ये पंख हमारे अपने होते हैं

सपनों को पूरा करने की दौड़ में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में अगर किसी का सहारा मिले तो संघर्ष कुछ हद तक आसान लगने लगता है। यही बात बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि टैलेंट के साथ-साथ अगर किसी का साथ मिल जाए तो इंसान कामयाबी हासिल कर सकता है। दिव्या दत्ता ने कहा, ''हर इंसान के अंदर टैलेंट जरूर होता है, लेकिन उसे पहचानने के लिए किसी अपने का साथ जरूरी होता है। जब किसी व्यक्ति को परिवार का साथ मिलता है तो उसका आत्मविश्वास और हौसला दोगुना हो जाता है। सपनों को उड़ान देने के लिए पंख चाहिए होते हैं, और ये पंख हमारा अपना परिवार और अपने ही लोग ही होते हैं।'' दिव्या दत्ता ने अपना अनुभव भी साझा किया। उन्होंने कहा, ''मैंने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए लोगों को देखा है कि वे किस तरह अपनी पहचान बना रहे हैं। कोई गृहिणी अपने कुकिंग टैलेंट को दुनिया के सामने ला रही है, तो कोई ट्रैवल ब्लॉग के जरिए लोगों के बीच अपनी पहचान बना रहा है। इन सभी कहानियों में एक चीज समान है, और वो है अपने परिवार और करीबियों का साथ... इस साथ के जरिए उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत मिलती है।''

उन्होंने कहा, ''मैंने अक्सर देखा है कि लोग अपनी ही दुनिया में सिमटे रहते हैं और ये मानकर बैठे रहते हैं कि उनकी परेशानियां और संघर्ष सबसे बड़े हैं, लेकिन जब हम दूसरों की कहानियों को देखते हैं, तब पता चलता है कि हर किसी की अपनी-अपनी लड़ाई है, जिसे लड़कर वह आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में अगर किसी को थोड़ा सा भी सहारा मिल जाए तो वह बड़ी से बड़ी मुश्किल को पार कर सकता है।'' इस बातचीत में फिल्ममेकर राशांत शाह ने भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, ''आज के समय में सोशल मीडिया एक बड़ा प्लेटफॉर्म बन चुका है। यहां हर किसी के टैलेंट को मौका मिलता है, लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि टैलेंट को सही समर्थन भी मिले। अगर किसी के अंदर काबिलियत है तो उसे आगे लाने के लिए किसी का साथ मिलना बहुत जरूरी है।''

## रोमांटिक अंदाज में वापसी करेंगे शाहरुख



शाहरुख खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर रोमांस का जादू बिखेरने की तैयारी में हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'किंग' के बाद किंग खान एक बिग बजट रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकते हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में उनका लुक काफी अलग और विंटेज स्टाइल का होगा, जो दर्शकों के लिए नया अनुभव लेकर आएगा। रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म क्लासिक लव स्टोरी पर आधारित होगी, जिसमें इमोशंस और पुराने दौर की फीलिंग्स को मॉडर्न टच के साथ पेश किया जाएगा। मेकर्स इस प्रोजेक्ट को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि दर्शकों को एक भव्य सिनेमैटिक अनुभव मिल सके। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख इस फिल्म में एक परिपक्व और गहराई वाले किरदार में दिखाई देंगे। उनका यह अवतार उनके पुराने रोमांटिक इमेज की याद दिलाएगा, जिसे दर्शकों ने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'कुछ कुछ होता है' और 'वीर-जारा' जैसी फिल्मों में खूब पसंद किया था।



# श्रीलीला ने बताया क्यों छोड़ना चाहती थीं इंडस्ट्री

**तेलुगु अभिनेत्री श्रीलीला इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वो पवन कल्याण के साथ नजर आई हैं। इस बीच श्रीलीला ने ट्रोलिंग को लेकर बात की और बताया कि ट्रोलिंग से उन पर क्या प्रभाव पड़ता है। उन्होंने ये भी बताया कि आखिर क्यों उन्होंने फिल्में छोड़ने तक का प्लान भी बना लिया था?**

### पहले ट्रोलिंग करती थी परेशान

श्रीलीला ने ट्रोलिंग को लेकर बात की। उनसे पूछा गया कि क्या ट्रोलिंग उन्हें परेशान करती है? इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैंने इस इंडस्ट्री में शुरुआत की थी, तब तो करती थी। मुझे बहुत बुरा लगता था, मैं रोती थी। मैंने अपनी मां से भी कहा था, मुझे नहीं लगता कि मैं यह कर पाऊंगी। क्या मुझे वापस स्कूल या कॉलेज जाना चाहिए? मैं बहुत संवेदनशील थी, लेकिन अब मुझे इसकी परवाह नहीं है। श्रीलीला ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आजकल लोगों में अपनी बुद्धि होती है। इसलिए, निगेटिविटी देखने पर भी वे थोड़ा सोचते हैं। आजकल के लोगों में पहले से ज्यादा बुद्धि होती है। इसलिए वो ज्यादा ही सोचते हैं।

## कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी श्रीलीला



वर्कफ्रंट की बात करें 'उस्ताद भगत सिंह' के बाद श्रीलीला अब अनुराग बसु द्वारा निर्देशित अनाम फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वो कार्तिक आर्यन के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी है। पहले इसे 'आशिकी 3' बताया जा रहा था, हालांकि, बाद में मेकर्स ने साफ किया कि ये 'आशिकी 3' नहीं है। अब फिल्म का नाम 'तू मेरी जिंदगी है' बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



# 'द इंडिया हाउस' से मेरा हिस्टोरिकल ड्रामा में काम करने का उनका सपना रहा है

**अभिनेत्री सई मांजरेकर अपनी पैन इंडिया फिल्म 'द इंडिया हाउस' को लेकर काफी काफी उत्साहित हैं। 1905 में प्रेम और क्राति की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में सई सती की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर सई का कहना है कि एक हिस्टोरिकल ड्रामा में काम करने का उनका सपना रहा है, जो इस फिल्म के साथ पूरा हो रहा है।**

बातचीत में एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर कहा कि किसी ऐतिहासिक फिल्म में अभिनय करना हमेशा से मेरा सपना रहा है। जब मुझे पता चला कि मैं अभिनेत्री बनना चाहती हूं, तभी से मैं एक ऐतिहासिक फिल्म में काम करना चाहती थी। इसलिए यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। 'द इंडिया हाउस' का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास और अद्भुत अनुभव है। जब मैंने पहली बार इसकी कहानी सुनी, तो मुझे पता चल गया कि यह सिर्फ एक और फिल्म नहीं है, बल्कि एक ऐसी कहानी है जिसमें भावनाएं, इतिहास और उद्देश्य समाहित हैं।

अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मेरा किरदार सती का है, और यह एक खूबसूरत भूमिका है। वह दृढ़ इच्छाशक्ति वाली होने के साथ-साथ कोमल और दयालु भी हैं। अपने भीतर इस संतुलन को खोजना एक बेहद यादगार अनुभव रहा। मुझे याद है कि एक सीन के बीच में मैं अक्सर 'प्लीज' या 'धन्यवाद' जैसे शब्द बोल देती थी, जो हम अन्य जॉनर में आसानी से इस्तेमाल करते हैं। फिर मैं माफी मांगती और सीन दोबारा करती। उस दौर के बारे में जानना और लोगों के रहन-सहन, पहनावे और बोलने के तरीके को समझना एक दिलचस्प अनुभव रहा है। इतने समृद्ध इतिहास से घिरे हम्पी में शूटिंग करने से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला।

### भाग्यशाली हूं राम चरण के साथ काम करने का मौका मिला



फिल्म की टीम के साथ काम करने के अनुभव को लेकर सई ने कहा कि राम चरण के पहले प्रोडक्शन में काम करना मेरे लिए सचमुच अनमोल है। वो साउथ इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं। सिनेमा और इसमें शामिल हर व्यक्ति के प्रति उनका सम्मान इस फिल्म के हर पहलू में झलकता है। खिल सिद्धार्थ और अनुपम खेर के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए एक बड़ा सीखने का अनुभव रहा है।




# धुरंधर 2 के नए कलाकारों अपनी एक्टिंग से किया हैरान

'धुरंधर' की सफलता के बाद अब 'धुरंधर 2' सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। इस बार फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह पहले पार्ट से भी ज्यादा देखने को मिल रहा है। दूसरे पार्ट में कहानी आगे बढ़ती है। यही कारण है कि इस बार फिल्म की कास्ट में कई नए कलाकार भी शामिल हुए हैं। जानते हैं 'धुरंधर 2' में शामिल हुए नए कलाकारों के बारे में।

### दानिश इकबाल



'धुरंधर' के बाद हर किसी को इंतजार था कि 'धुरंधर 2' में बड़े साहब कौन है? अब फिल्म की रिलीज के बाद इस बात से पर्दा हट चुका है। क्योंकि बड़े साहब के किरदार में दानिश इकबाल नजर आए हैं। फिल्म में उन्होंने जबरदस्त काम किया है और अपने किरदार से इंसाफ किया है।

### यामी गौतम

ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि 'धुरंधर 2' में यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं। अब 'धुरंधर 2' के रिलीज होने के बाद यामी गौतम का फिल्म कैमियो नजर आया है। 'धुरंधर: द रिवेंज' में यामी शाजिया बानो की भूमिका निभा रही हैं, जो एक नर्स है। हालांकि, इसके आगे बताना स्पॉइलर हो जाएगा। लेकिन इस स्पाई-थ्रिलर में यामी का कैमियो है।

### उदयबीर संधू



यामी गौतम के अलावा 'धुरंधर 2' में अभिनेता उदयबीर संधू ने भी अहम भूमिका निभाई है। उदयबीर फिल्म में जसकीरत सिंह रांगी (रणवीर सिंह) के करीबी दोस्त गुरबाज सिंह का किरदार निभा रहे हैं। उन्हें प्यार से पिंडा कहा जाता है।

### भाषा सुंबली



'द कश्मीर फाइल्स' से चर्चा में आई अभिनेत्री भाषा सुंबली भी इस स्पाई-थ्रिलर में नजर आई हैं। उन्होंने 'धुरंधर 2' में एक वकील की भूमिका निभाई है। उनका किरदार बहुत लंबा तो नहीं, लेकिन महत्वपूर्ण जरूर है।

### मधुरजीत सरघी

मधुरजीत सरघी जसकिरत सिंह रांगी यानी रणवीर सिंह की मां प्रभनीत कौर रांगी के किरदार में नजर आती हैं। वो इससे पहले टेलीविजन शो और कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

### सुविंदर पाल



सुविंदर पाल ने ब्रिगेडियर जहांगीर का किरदार निभाया है। कोहरा फिल्म के लिए मशहूर इस अभिनेता को 'धुरंधर द रिवेंज' में अर्जुन रामपाल उर्फ मेजर इकबाल के पिता के रूप में देखा जा सकता है।

### परवीर कौर



जसकीरत सिंह रांगी की बहन के किरदार में परवीर कौर नजर आई हैं। उन्होंने फिल्म में जसलीन कौर रांगी की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनकी भूमिका अहम है।

### हितिका बाली

अभिनेत्री हितिका बाली ने 'धुरंधर 2' में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वो फिल्म में जसकीरत सिंह रांगी की दूसरी बहन हरलीन कौर रांगी के रोल में नजर आई हैं।



# जिले में यातायात एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के निर्देश

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** ज़िला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ज़िला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि जिले में यातायात व सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार ज़िले में संचालित सड़क सुरक्षा अभियान को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने के लिए परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से टीम का गठन करते हुए कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें। जिला कलक्टर ने परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे ओवरलोडिंग व अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ ही वाहनों के फिटनेस संबंधी उल्लंघन के मामलों में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क पर दौड़ते लोडिंग वाहनों जैसे हैवी डम्पर, ट्रक, ट्रैक्टर इत्यादि के पीछे रेडियम निर्मित रिफ्लेक्टर टेप इत्यादि लगवाने की बात कही। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को ज़िलें के 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों का कैम्प लगाकर नेत्र परीक्षण करने तथा राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सड़क सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर संचालित अवैध ढाबों व बेतरतीब पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को अमृतसर-जामनगर भारतमाला परियोजना पर डिवाइडर पर रेलिंग/सुरक्षा जाल, व्हीकल लेन साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट संकेतक की सुनिश्चितता के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को शहर की सड़कों पर अवरोधों के रूप में आने वाले निराश्रित पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर छोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से मिलकर समय-समय पर यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं एवं संबंधित विभागों के कार्मिकों की कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिलवाएं। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्रसिंह इंदौलिया, जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओमप्रकाश चौधरी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.के. सिंघाडिया, सार्वजनिक निर्माण विभाग जालोर के अधिशासी अभियंता शंकरलाल सुथार, भीनमाल के अधिशासी अभियंता ओमप्रकाश सुथार, सांचौर के अधिशासी अभियंता प्रदीप पंवार, सहायक अभियंता प्रकाश देवासी, आरएसएचए के तकनीकी मैनेजर अमित सुथार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुनि प्रणम्य सागर के निर्देशन में विशाल अर्हं ध्यान योग शिविर का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** अर्हं योग के प्रणेता दिगंबर जैन मुनि प्रणम्य सागर महाराज के निर्देशन में विशाल योग शिविर का आयोजन राजभवानी वाटिका में किया गया।बबड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने दिगंबर जैन मुनि के निर्देशानुसार 1 घंटे तक ध्यान योग की क्रियाएं की गई।इस दौरान आध्यात्मिक और योग साधना का संगम देखने को मिला। दिगंबर जैन मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि धर्म करने के लिए स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक हैं और उसके लिए ध्यान योग क्रियाओं का महत्व बताया। जिसकी वजह से आदमी लंबा जीवन जी सकता हैं। उन्होंने ध्यान मुद्रा की पांच क्रिया विस्तार से दिखाते हुए बताया की किस प्रकार उनके करने से बीमारियां दूर हो सकती हैं।बिजौलियां के महेंद्र, मनीष सोनी ने पाद प्रक्षालन किया गया और दीप प्रज्वलन बड़ा मंदिर, छोटा मंदिर व तीर्थ क्षेत्र कमेटी और सिंगोली समाज के पदाधिकारियों ने किया। वहीं मंगलाचरण तपोदय पाठशाला की बालिकाओं ने प्रस्तुत किया। बिजौलियां बड़ा मंदिर कमेटी,चांदजी की खेडी और मंदसौर समाज की ओर से मुनि संघ को चातुर्मास के लिए निवेदन किया गया।कार्यक्रम में बिजौलियां के अलावा सिंगोली, मंदसौर, छोटी बिजौलियां, आरोली, सलावटिया,चांद जी की खेडी, डाबी व बेगूं क्षेत्र से भी श्रद्धालु गण पहुंचे।

## नवरात्रि समापन पर किया कन्या पूजन और हवन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** नवरात्रि समापन पर शुक्रवार को मन्दिरों और घरों में अनुष्ठानों की पूर्णाहुति पर हवन व कन्या पूजन किया गया।।गायत्री शक्तिपीठ में सुबह नवरात्रि की पूर्णाहुति पर 11 कुंडीय गायत्री यज्ञ ,कन्याभोज व प्रसादी का आयोजन किया गया और विभिन्न संस्कार करवाए गए। कस्बे समेत ऊपरमाल क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए गायत्री परिवार के परिजनों ने हवन में आहुतियां प्रदान की।घरों में भी लोगों ने कन्याओं को भोजन करवा कर पूजन किया और वस्त्र,फल व दक्षिणा भेंट की गई।

## ट्रक चालक व ट्रांसपोर्ट सदस्यों ने ग्रेनाइट एसोसिएशन पर लगाया अवैध वसूली का आरोप



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** ट्रक चालक व ट्रांसपोर्ट सदस्यों ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्रेनाइट एसोसिएशन द्वारा अवैध वसूली करने व कथित बाहरी लोगों को बुलाकर दादागिरी करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में बताया कि ग्रेनाइट एसोसिएशन द्वारा प्रति वाहन 800 से 2000 रुपये तक अवैध वसूली की जा रही है और दादागिरी, मारपीट व कैम्पर वाहनों से डर का माहौल बनाकर अवैध वसूली करते हैं जो अवैधानिक है व कानून के खिलाफ है और नहीं देने पर 21 हजार रुपये की पेनल्टी का मनमाना नियम बना रखा है। ज्ञापन में बताया कि जिला कलेक्टर को पूर्व में ज्ञापन दिए लेकिन आज दिन तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे उनके हौसले और बुलंद हो गए। हाई कोर्ट जोधपुर के जारी आदेश अवैध वसूली नहीं करने के बावजूद भी खुले आम अवैध वसूली जारी है किसी प्रकार का कानून का कोई भय नहीं है। संभागीय आयुक्त जोधपुर, राजस्थान पॉल्यूशन कण्ट्रोल बोर्ड रीजनल कार्यालय सिरोही, कार्यालय जिला कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट जालोर के आदेश की भी पालना नहीं की जा रही है। ग्रेनाइट एसोसिएशन की ओर से अवैध वसूली बिना किसी राजकीय आदेश से कर रहे है। जिन लोगो की ओर से अवैध वसूली की जा रही है उनके हौसले इतने बुलंद है कि किसी भी व्यक्ति विशेष को अपशब्द व भाषा का प्रयोग करते हैं और उनके हाथों में लाठी व लोहे के सरिये रहते हैं उनको किसी कानूनी का भय नहीं है। ज्ञापन में ग्रेनाइट एसोसिएशन ने अवैध वसूली को रोकने की मांग की है।

## आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** 220 केवी जीएसएस धौलपुर पर 132, 11 केवी 6.3, 8 एमवीए ट्रांसफॉर्मर प्रथम और 132, 11 केवी 10, 12.5 एमवीए ट्रांसफॉर्मर द्वितीय तथा 11 केवी इनकमर-प्रथम एवं द्वितीय व 11 केवी मैनबसबार के मरम्मत व रखरखाव का कार्य होने के कारण शनिवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता 220 केवी जीएसएस धौलपुर संध्या चौहान ने बताया कि 220 केवी जीएसएस धौलपुर से निकलने वाले 11 केवी फीडर नम्बर 1 के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आनन्द नगर, फीडर नम्बर 2 के आनन्द नगर, जगदम्बा कॉलोनी, सैपऊ रोड, रामकुंज, अयोध्या कुंज, मनोहर विहार कॉलोनी, मधुवन कॉलोनी, मंगल विहार कॉलोनी, फीडर नम्बर 3 के जगदीश तिराहा, जगदीश टॉकीज बाड़ी रोड, भोगीराम नगर, फीडर नम्बर 4 के गुरूद्वारा रोड, जिला अस्पताल, फीडर नम्बर 5 के छावनी, नवोदय, केसरबाग, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, हिनोता का पुरा तथा फीडर नम्बर 6 के पचगांव, आदर्शनगर, रूंध एवं भागीरथपुरा की 28 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## सुमेरपुर में सफाई व्यवस्था फेलः सड़कों पर सड़ता कचरा, करोड़ों का उद्यान बना डंपिंग यार्ड

जयपुर टाइम्स





**सुमेरपुर(निस)।** नगर पालिका की लापरवाही से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रमुख इलाकों में कचरे के ढेर सड़ रहे हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसके बावजूद प्रशासन निष्क्रिय बना हुआ है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। गणेश टॉकीज रोड और दिल सर्कल कोलीवाड़ा रोड पर खुलेआम कचरा डाला जा रहा है, जो अब अवैध डंपिंग पॉइंट बन चुके हैं। यहां मांस सहित अन्य कचरे से बदबू फैल रही है और आवारा पशुओं का जमावड़ा दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा रहा है। कोलीवाड़ा रोड स्थित दिल सर्कल का करोड़ों रुपए की लागत से बना उद्यान भी कचरा स्थल में तब्दील हो गया है। चार माह पहले लोकार्पित यह उद्यान अब गंदगी और बदबू से अपनी उपयोगिता खो चुका है। हैरानी की बात यह है कि यह स्थान मंत्री आवास के पास ही स्थित है, फिर भी सफाई की सुध नहीं ली जा रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद न तो कचरा उठाया गया और न ही रोकथाम के उपाय किए गए। नियमित सफाई नहीं होने से नालियां जाम हो रही हैं और गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा और मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में जालोर जिला राज्य स्तर पर सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करते हुए जालौर जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर शुक्रवार को राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जालोर जिले को सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिला क्षय अधिकारी डॉ. असीम परिहार की ओर से प्राप्त किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान जिले के सभी स्वास्थ्यकर्मियों, आशा सहयोगिनियों एवं जनप्रतिनिधियों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. असीम परिहार ने बताया कि जिले में संचालित इस अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर व्यापक सर्वे, सक्रिय स्क्रीनिंग, समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया गया। साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को टीबी के लक्षण, जांच व उपचार के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान एवं उपचार पूर्ण कराने के लिए निरंतर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान टीमवर्क और सतत प्रयासों की पहचान है, और आगे भी जिले को पूर्णतः टीबी मुक्त बनाने के लिए इसी तरह कार्य जारी रहेगा। इस उपलब्धि का श्रेय सभी संबंधित कार्मिकों व आमजन को दिया है, जिनके सहयोग से यह संभव हो पाया है।

## गौशाला में गूंजा 'गौ सेवा ही सर्वोपरि': जीएसटी कमिश्नर देवड़ा ने की आरती

जयपुर टाइम्स




**सुमेरपुर(निस)।** शहर की श्री राम गौशाला, कोलीवाड़ा शुक्रवार को आस्था, सेवा और सामाजिक समर्पण का केंद्र बन गई, जब जीएसटी कमिश्नर महिपाल सिंह देवड़ा ने यहां पहुंचकर गौ माता की पूजा-अर्चना की और पूरे विधि-विधान से आरती उतारी। देवड़ा ने गौ माता को गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया और गौ सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताया। गौशाला परिसर में प्रवेश करते ही देवड़ा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और साफ-सफाई व प्रबंधन की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'गौ सेवा केवल आस्था नहीं, यह हमारी संस्कृति की पहचान है। इससे बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती।' उनके इन शब्दों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों में नई ऊर्जा भर दी। इस दौरान सुमेरपुर के भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे किशन लाल खंडेलवाल की पुण्य स्मृति में गौ माता के हरे चारे के लिए ?5100 की राशि समर्पित की गई। यह क्षण भावुकता और श्रद्धा से भरा रहा, जब परिवारजनों ने सेवा के इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार पुखराज कुमावत व गौशाला व्यवस्थापक ने देवड़ा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। वहीं, देवेंद्र खंडेलवाल, कैलाश कुमार खंडेलवाल, मोहन दास वैष्णव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सेवा, श्रद्धा और संस्कार का संगम बना आयोजनः

गौशाला में हुआ यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के लिए एक संदेश बनकर उभरा–कि जब सेवा भाव और संस्कार एक साथ आते हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव की नई राह बनती है। इस मौके पर गौ सेवा के इस संदेश ने सुमेरपुर में एक बार फिर साबित कर दिया कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

डिजिटल मीडिया बना मदद का प्लेटफार्म

## भवरानी के भाला फेंक खिलाड़ी को कलक्टर ने बुलाकर ली जानकारी, मदद का दिया भरोसा

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** डिजिटल मीडिया पर वायरल हुए भवरानी के भाला फेंक खिलाड़ी हरीश सरगरा को शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के गावंडे ने बुलाकर ऑफिस में मुलाकात की। इस दौरान हरीश के कोच दिनेश राव ने कलक्टर को बताया कि कुछ आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जाए तो खिलाड़ी के लिए राह आसान हो सकती है। इस पर कलक्टर ने उसे बेहतर मदद का भरोसा दिलाया।

### पिता पीएम आवास के लिए प्रयासरत

इसी दौरान हरीश के पिता गणेशराम सरगरा ने कहा कि वह कलर व खेती का काम करते है। उनके तीन बेटे है जिसमें हरीश सबसे छोटा है। उन्होंने तीन बार प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रयास किया, लेकिन उनके लिए आवास स्वीकृत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि उनके तीन पहिया वाहन बताकर फाइल रिजेक्ट कर दी गई, जबकि उनके पास ऐसा कोई वाहन नहीं है। इस पर कलक्टर ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वापस जांच कर फाइल को प्रोसेस में लाया जाएगा। हरीश के कोच दिनेश राव ने बताया कि हरीश अभी 11 वी में अध्ययनरत है। धीरे धीरे इसके खेल में सुधार हो रहा है। इस खेल में तकनीक के सहारे ही आगे बढ़ा जा सकता है। इसके परिवार के पास आर्थिक व्यवस्था नहीं होने के चलते उपकरण की व्यवस्था नहीं है। भारत सरकार के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) में चयन के लिए नेशनल मेडल जरूरी मान रहे है, इसलिए फिलहाल इसे यहां अच्छे उपकरणों की आवश्यकता है। इसे देखकर जिले में अन्य भाला फेंक खिलाड़ी भी तैयार हो सकते हैं।

### ओलम्पिक में रिकॉर्ड तोड़ना मेरा लक्ष्यः

मैंने सर को भाला फेंकते देखा तो मुझे भी लगा कि मैं यह कर सकता हूँ, उसके बाद सर के मार्गदर्शन में सीखना शुरू किया, धीरे धीरे कई प्रतियोगिता में पुरस्कार जीते, मेरा लक्ष्य ओलम्पिक खेलकर सबसे दूर भाला फेंकने का रिकॉर्ड बनाना है।

## रामनवमी पर धौलपुर भक्ति और उत्साह से सराबोर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** रामनवमी के पावन अवसर पर शहर भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। गुरुवार को निकाली गई भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह शोभायात्रा पुराने शहर से शुरू होकर अस्पताल चौराहा, हरदेव नगर, लाल बाजार और बजरिया जैसे प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आकर्षक झांकियां इस आयोजन का मुख्य केंद्र रहीं, जिनमें भगवान राम और हनुमान के जीवन प्रसंगों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। एक दर्जन से अधिक झांकियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीजे और बैंड-बाजों की धुन पर युवा और महिलाएं जय श्रीराम के जयकारों के साथ झूमते नजर आए। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं की बड़ी भागीदारी ने शोभायात्रा की शोभा और बढ़ा दी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत कृष्णराज जांगिड़ के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा, जिसने पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। धौलपुर में यह आयोजन श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम बनकर सामने आया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुरसिंहपुरा पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. सुरसिंहपुरा / निविदा / लेखा / 2025-26/351 दिनांक 23-3-2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 04

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत सुरसिंहपुरा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2526GLOB02986
TENDER ID - 2026_ PRD_ 548558_ 1

प्रशासक
ग्राम पंचायत सुरसिंहपुरा
पं.स. साँभरलेक (जयपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सुरसिंहपुरा
पं.स. साँभरलेक (जयपुर)

# गैस की किल्लत बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर का सख्त संदेश कालाबाजारी पर चलेगा कड़ा शिकंजा

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन को समय पर गैस उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला गैस वितरण समिति की अहम बैठक में कलेक्टर ने गैस आपूर्ति व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों और गैस कंपनियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर उपभोक्ता तक समय पर एलपीजी सिलेंडर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर ढिलाई पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने गैस कंपनियों को निर्देशित किया कि वे उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित अभियान चलाएं, ताकि किसी प्रकार की अफवाह या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी कहा कि जिन घरों में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध हैं, वहां नियमों के अनुसार एलपीजी कनेक्शन बंद किए जाएं, जिससे संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हो सके। डॉ. सोनी ने प्रवर्तन शाखा और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और अवैध रीफिलिंग के मामलों में किसी प्रकार की ढील नहीं दी जाए। ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन प्रवर्तन-सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर' अभियान के तहत लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### मैदान में उतरे अधिकारी, औचक निरीक्षण से हकीकत जांची:

कलेक्टर के निर्देश पर उपखंड अधिकारियों ने गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर स्टॉक, मांग और वितरण व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। साथ ही एजेंसियों पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी जांच की गई।

### हेल्पलाइन जारी, आमजन से सहयोग की अपील:

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की हेल्पलाइन 1445 और पुलिस हेल्पलाइन 112 जारी की गई है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की सूचना तुरंत दें, ताकि दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर युगांतर शर्मा, जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत चारण, संघमित्रा बरड़िया सहित पुलिस व गैस कंपनियों के अधिकारी मौजूद रहे।

एजेंसियों की जवाबदेही तय, शिकायतों का त्वरित समाधान जरूरीः कलेक्टर ने सभी गैस एजेंसियों को अपने फोन नंबर हर समय चालू रखने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर और पारदर्शी सेवा देना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## जनसुनवाई में पूर्व विधायक महर्षि ने सुनी समस्याएं

### बोलेःमूलभूत सुविधाओं में गुणवत्ता जरूरी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान महर्षि ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार आवश्यक है तथा समस्याओं का समय पर निराकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबित समस्याएं विकास कार्यों में बाधा बनती हैं। जनसुनवाई में विद्युत पोल शिफ्टिंग, आपणी योजना, ढीले विद्युत तारों को ठीक करवाने और नई सड़क निर्माण सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। महर्षि ने राज्य व केंद्र सरकार के बजट को जनहितकारी बताते हुए कहा कि सुशासन में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## ऋषिकुल स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय ऋषिकुल स्कूल में कक्षा 5 व 8 के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने और अधिकांश विद्यार्थियों के ए ग्रेड प्राप्त करने पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 5 व 8 के छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को विद्यालय प्रांगण में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।समारोह के दौरान विद्यार्थियों को माला पहनाकर, तिलक लगाकर व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया। साथ ही पूरे वर्ष अनुशासन व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 'सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी' पुरस्कार से नवाजा गया।कार्यक्रम संस्था प्रधान डॉ. रेखा शर्मा के सानिध्य में आयोजित हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट परिणाम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।कार्यक्रम का वातावरण हर्षोल्लास, उत्साह और गर्व से ओत-प्रोत रहा। विद्यालय परिवार ने इसे अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष सुनीता शर्मा, नीधु मलिक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मिलेनियम स्कूल में प्रतिभाओं का किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय अगुणा मोहल्ला स्थित मिलेनियम शिक्षण संस्थान में शुक्रवार को कक्षा 10 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। संस्था निदेशक कैलाश सैनी ने बताया कि परीक्षा में सभी 28 विद्यार्थियों परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा बेनजीर बानो ने 88.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, उमरीन बानो ने 82.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व आयशा बानो ने 80.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का माल्यार्पण कर, प्रतीक चिन्ह व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य मैना सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संपत सिंह, गोविंद सैनी, प्रतिभा शर्मा, अनीता प्रजापत, रेखा सैनी, सिमरन बानो, सानिया बानो, पंकज सहित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## एक वृक्ष मां के नाम भाषण प्रतियोगिता आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा स्थित से सनातन धर्म पंचायत उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को एक वृक्ष मां के नाम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संजय शर्मा, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र सिंह भाटी रहे। उन्होंने कहा कि वृक्ष देवता ही नहीं जीवित रहने का एकमात्र कारण भी है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लक्ष्य खेमानी रहे, दूसरे स्थान पर नवीन कुमार, तीसरे स्थान पर राहुल दाधीच रहा। उस्मान, चेतन, विवेक, हिमांशु, आवेश को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। बच्चों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया और वृक्ष लगाने की शपथ ली। निर्णायक मंडल में सलीम खान व सुरेश सैनी रहे। सभी बच्चों को मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. विद्या पुरोहित ने सभी को धन्यवाद स्थापित किया।



## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया चूरू का भ्रमण

### ब्रह्मचारियों ने दी पिरामिड की आकर्षक प्रस्तुति

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर व श्री ऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम चूरू के संयुक्त तत्त्वावधान में गुरूवार को रामनवमी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर संस्कृतसंस्कृति संवर्द्धन पथ संचलन रैली निकाली गई। यह रैली भानीनाथ आश्रम से प्रारम्भ होकर पिंजरापोल गौशाला, सेठ जयदयाल गोयनका हवेली होते हुए मुख्य मार्गों से श्री ऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम पहुंची। रैली के बाद आश्रम में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आश्रम के छात्रों ने स्वागत-भाषण, स्वागत गीत, योगासन और पिरामिड का प्रदर्शन कर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) जयपुर के आचार्यों और शिक्षक-प्रशिक्षकों का स्वागत किया। ब्रह्मचारियों की प्रस्तुतियां देखकर आगंतुक अतिथि भाव-विभोर हो गये। इस अवसर पर आश्रम के प्रबन्धक ईवरसिंह राठौड़ ने गीताप्रेस (गोरखपुर), गीताभवन, गोविन्द भवन कार्यालय और श्रीऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से सभी संस्थानों का परिचय करवाया। कार्यक्रम में सीएसयू के आचार्यों और शिक्षक-छात्रों ने आश्रम के प्राचार्य प्रो. भवानीशंकर शर्मा से संवाद कर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि श्रीऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम की व्यवस्थाएं देखकर वे अभिभूत हैं। इस अवसर पर सीएसयू के प्रो. गोरांग बाप ने कहा कि हमारा यहां आना सार्थक है। इस अवसर पर प्रो. हरिओम शर्मा, प्रो. मनीष कुमार चांडक, प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ. मदन सिंह राजपुरोहित, अजय मीणा व डॉ. देवकरण शर्मा ने श्रीऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम की प्रशंसा की। प्रबन्धक ईश्वरसिंह राठौड़ ने आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य प्रो. देवकुमार पुजारी ने किया।

## रामनवमी पर 'नारी शक्ति शंखनाद': सैकड़ों महिलाओं की लठ रैली, दिखाया शौर्य और आत्मविश्वास

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** रामनवमी पर झोटवाड़ा रीको एरिया स्थित बड़ पिपली धाम में नारी शक्ति का अनूठा रूप देखने को मिला, जब सैकड़ों महिलाओं ने लठ रैली निकालकर शौर्य, साहस और आत्मविश्वास का परिचय दिया। धाम के महंत प्रमेन्द्र नाथ जी महाराज के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में विशेष आकर्षण पैदा किया। कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि महंत द्वारा नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से यह पहल की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से महिलाओं ने आत्मरक्षा, साहस और एकजुटता का संदेश दिया। महंत प्रमेन्द्र नाथ जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति स्वरूपा माना गया है और आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज, परिवार और राष्ट्र की उन्नति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। धाम में वर्षों से धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिनमें नियमित हवन, हनुमान चालीसा पाठ और जरूरतमंदों की सहायता शामिल है। साथ ही जंगलों में पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था भी की जाती है। कार्यक्रम में प्रताप भानु सिंह, राधेश्याम मेहता, अनिरुद्ध सिंह, राम सिंह और विष्णु शर्मा सहित अन्य सहयोगियों की सक्रिय भूमिका रही। प्रताप भानु सिंह ने बताया कि धाम द्वारा अब महिलाओं को आत्मरक्षा एवं आत्मसुरक्षा का निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस अनूठी लठ रैली को क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी महानगरपालिका चुनाव की तैयारियां

## राम माधव, डॉ. सतीश पूनियां ने बेंगलुरु में ली संगठनात्मक बैठक





### नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

### नई दिल्ली में सतीश पूनियां ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की

जयपुर टाइम्स

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी महानगरपालिका चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर बेंगलुरु में भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई, जिसमें बेंगलुरु वेस्ट, बेंगलुरू सेंट्रल व साउथ,बेंगलुरु नॉर्थ व ईस्ट के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेकर भाजपा के विजय संकल्प की सिद्धि को लेकर मंथन किया। ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी महानगरपालिका चुनाव-2026 को लेकर आयोजित बैठक को चुनाव प्रभारी राम माधव, चुनाव सह-प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां, चुनाव सह-प्रभारी संजय उपाध्याय, कर्नाटक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र येदियुरप्पा, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष आर अशोक आदि ने संबोधित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर भाजपा के विजय संकल्प में जुटने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री एनस नंदीशा रेड्डी, प्रदेश उपाध्यक्ष बैराठी बसवराज, प्रदेश मंत्री थमेशा गोड़ा, जिला अध्यक्ष सप्तगिरि गौड़ा, जिला अध्यक्ष सीके राममूर्ति, विधायक एस रघु,विधायक दसारहल्ली मुनिराजु इत्यादि ने भी संबोधित कर सभी कार्यकर्ताओं को विजय अभियान के लिए संकल्पित होकर कार्य करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एडीएम ने रेफरल चिकित्सालय का निरीक्षण किया

### चिकित्सा प्रभारी अधिकारी ने स्टाफ बढ़ाने की मांग की

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना भागीरथ साख ने शुक्रवार को राजकीय रेफरल चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सालय प्रभारी अधिकारी डॉ अमित यादव ने स्टाफ बढ़ाने की मांग की। दरअसल गर्मी के मौसम में मौसमी बीमारी फैलने के भय से एडीएम औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे तो चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ देखी। इस बारे में उन्होंने चिकित्सालय प्रभारी अधिकारी से पूछा की इतनी भीड़ कैसे हैं, तो चिकित्सा प्रभारी अधिकारी ने बताया इन मरीजों को इंजेक्शन लगने हैं, परंतु स्टाफ की कमी के चलते कार्य में विलंब हो रहा है। एडीएम ने गार्ड लगाने की बात कही तो चिकित्सा प्रभारी अधिकारी ने कहा आप आदेश दे तो गार्ड भी लगा दिया जाएगा। एडीएम भागीरथ साख ने तुरंत प्रभाव से सीकर सीएमएचओ से बात कर स्टाफ बढ़ाने को कहा। गौरतलब है राजकीय रेफरल चिकित्सालय में इन दिनों डॉक्टर एवं नर्सिंग ऑफिसर्स की कमी चल रही है। जबकि इस अस्पताल में लगभग 600 से अधिक मरीजों का आउटडोर है, ऐसे में चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों को भी खास परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सरदारशहर के आदर्श विद्या मंदिर ने रचा इतिहास, 97.83 प्रतिशत के साथ अजय बेनीवाल तहसील टॉपर

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर ने इस वर्ष कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता हासिल करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के होनहार छात्र अजय बेनीवाल ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील में प्रथम स्थान हासिल किया। पूरे क्षेत्र में विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष में विद्यालय परिसर में अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदा के समकक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामसिंह शेखावत ने सभी अतिथियों का आत्मीय परिचय कराते हुए कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। प्रबंध समिति के संरक्षक छगनलाल सेवदा ने अपने उद्बोधन में सुस्वास्थ्य, सुशिक्षा और सुसंस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों को जागरूक किया। विद्यालय अध्यक्ष सुबोध कुमार सेठिया ने विद्या भारती की शिक्षण पद्धति और उसके विशिष्ट गुणों को विस्तार से समझाया। मुख्य अतिथि रामकिशन प्रजापत विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपीराम बेनीवाल ने करते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर बाबूलाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अजय बेनीवाल - 97.83 प्रतिशत तहसील टॉपर, दृष्टि सैनी 97.17 प्रतिशत, कृष्णा सुथार 96.83 प्रतिशत, निहारिका प्रजापत 96.17 प्रतिशत, कृष्णा खेड़ीवाल 95.67 प्रतिशत, ईश्वर जांगिड़ 92.33 प्रतिशत, खिलेश जांगिड़ 91.17 प्रतिशत, आयुष 90.67 प्रतिशत, अभिनंदन 90.00 प्रतिशत, गौतम पूर्वा 88.83 प्रतिशत, अफ़सा 88.33 प्रतिशत, चैतन्य सैनी, प्रियांशु शर्मा 88.17 प्रतिशत, संजय 87.67 प्रतिशत, भावना पारीक 87.50 प्रतिशत, गरिमा मण्डल 87.50 प्रतिशत, दिग्विजय सिंह 87.17 प्रतिशत, मोनिका चारण 87.00 प्रतिशत, दिव्या राजपुरोहित, तरुण सैनी 85.15 प्रतिशत, जयश्री शर्मा 84.50 प्रतिशत, दीपिका सैनी 83.17 प्रतिशत, जया 82.83 प्रतिशत, अनुसिया, भावना पारीक, मोहित भोजक 82.33 प्रतिशत, वर्षा स्वामी 82.17 प्रतिशत, दिव्या 81.66 प्रतिशत अंकों के साथ सभी विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन से विद्यालय को गौरव प्रदान किया। इस शानदार सफलता के पीछे शिक्षकों की अथक मेहनत और मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा। कक्षा दसवीं के सभी आचार्यों सहित प्रभारी मनोज कुमार, रामचंद्र स्वामी और बाबूसिंह राठौड़ का माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन कमलेश कुमार सोनी ने किया। जिन्होंने पूरे समारोह को सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाए रखा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि छात्र-छात्राएं भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब डीजे व चंग की थाप में थिरके लोग

जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में रामनवमी के शुभ अवसर पर गुरुवार को श्री राम जन्मोत्सव आयोजन समिति की ओर से संतों के सान्निध्य में ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में राम भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। अर्जुन क्लब राजकीय चिकित्सालय से घर-घर भगवा छाऐगा, राम राज फिर आएगा, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्रीराम आदि गगनभेदी जयकारों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा रोड़वेज बस स्टैण्ड, राजवाला कुंआ, गांधी चौक, घण्टाघर, मूणती कुई हुई होते हुए ताल मैदान में स्थित व्यायाम शाला पहुंची। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा जहां से भी निकली वहां पर सड़क के दोनों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में जय श्री राम के उद्घोष से समूचा शहर राममय हो गया। शोभायात्रा के दौरान युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये। शोभायात्रा में सजे धजे ऊंट, घोड़े के अलावा शहर के कई बैण्ड शामिल हुए। राम भक्त शोभायात्रा में श्रद्धालु केसरिया साफा पहने हाथों में धर्म ध्वजा व महिलाएं चुनड़ी की साड़ी पहने हुए जयकारें लगाते हुई चल रही थी। शोभायात्रा का गांधी चौक पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर महन्त दयानाथ, ऋषिकेश के संत भोले बाबा, समिति के अध्यक्ष सुबोध सेठिया, यात्रा के संयोजक राकेश इन्दोरिया, प्रचारक गिरेन्द्रसिंह, लक्ष्मणसिंह, भाजपा के मधुसूदन राजपुरोहित, जितेन्द्रसिंह शेखावत, सुरेश वर्मा, चेयरमैन लालचंद मूड, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष ईश्वर राम, तेजपाल सिंह चौधरी, लोकेंद्र सिंह, शिवरतन सर्राफ, निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, डॉ बनवारीलाल शर्मा, सुभाष सोनगरा, गिरधारीलाल पारीक, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, शिवजी सोनी, राजकुमार सोनी, छगनलाल सेवदा, नितिन चौधरी, जयश्री वर्मा, दिनेश सोनगरा, पवन कुमार सैनी, अशोक कसेरा, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष शिवदयाल पारीक, गिरधारीलाल पारीक, शिवरतन सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। शोभायात्रा को लेकर शहर को सजाया गया। जगह-जगह रंगोलियां व स्वागत द्वार सजाएं गए। पूरे शहर को भगवा ध्वजा से पाट दिया गया। इसी प्रकार शिव मार्केट के व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसी प्रकार व्यापार मण्डल के अध्यक्ष शिवभगवान सैनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने मूणती कुई के पास स्वागत किया। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा पानी व शर्बत की व्यवस्था की गई।

### राम भक्तों की वेशभूषा बनी चर्चा का विषयः

शोभायात्रा में सभी पुरूष शुभ्रवेश में केसरिया साफा पहने व महिलाएं चुनड़ी साड़ी की वेशभूषा व साफा पहने, नाचते गाते रामभक्त, पारंपरिक वेशभूषा माताएं बहनें, केशरिया साफा पहने पुरुष, संतो का सानिध्य, विशाल धर्म ध्वजा, भव्य श्रीरामदरबार, श्रीराम चरित्र की अनेक झांकियां, बाल हनुमान वाहिनी, युवा वाहिनी, युवती वाहिनी, बंगाली एवं मराठा मातृ शक्ति वाहिनी, वरिष्ठजन वाहिनी, पताका वाहिनी, स्केटिंग वाहिनी, चंग वाहिनी, घोष वाहिनी, शंख वाहिनी, बुलेट वाहिनी, प्रसाद महारथ, सजे धजे ऊंट-घोड़े, जगह जगह हृदय से स्वागत किया गया जो चर्चा का विषय रहा। शोभायात्रा मुख्य मार्गो से होती हुई ताल मैदान स्थित व्यायामशाला पहुंची। जहां पर विशाल पण्डाल में महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें संतों के अलावा समिति के संयोजक राकेश इन्दोरिया, अध्यक्ष सुबोध सेठिया, डॉ बनवारीलाल शर्मा, सुभाष सोनगरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आस्था व अनुशासन का अद्भुत संगम श्री राम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन किया। शुभ्र वेशभूषा व केसरिया साफा पहने पुरूष व मातृशक्ति तय वेषभूषा में सम्मिलित हुई। जिससे यात्रा में आस्था व अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## वेंकटेश्वर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय तिरूपति बालाजी वेंकटेश्वर मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। वेंकटेश्वर फाउंडेशन की प्रमुख ट्रस्टी मंजू देवी जाजोदिया ने बताया कि पुजारी दिलीप शर्मा, अशोक, नवरतन शर्मा द्वारा अखंड रामायण पाठ किया गया। रामनवमी के अवसर पर आयोजित रामायण पाठ शुरू करने से पहले वेंकटेश्वर भगवान, भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमानजी की विशेष पूजा की गई। विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुए अखंड रामायण पाठ के दौरान उत्साह, आस्था और भक्ति के साथ अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। अखंड रामायण पाठ के दौरान मंदिर परिसर में आध्यात्मिक माहौल बन गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यवस्थापक मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में हरिराम शर्मा, मुकुन सिंह, नरेन्द्र सिंह, पवन कुमार, चंपालाल माहेश्वरी, बजरंगलाल, शिवभगवान, लालचंद नाई ने सहयोग प्रदान किया।

## 108 कुंडात्मक गोपाल गोपुष्टि महायज्ञ का समापन



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन(निंस.)।** निकटवर्ती ग्राम टोडा स्थित दाऊ धाम कालाकोटा में आयोजित 108 कुंडात्मक श्री गोपाल गोपुष्टि महायज्ञ का शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ विधिवत समापन हुआ। संतों के सान्निध्य और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। महायज्ञ के दौरान करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भंडारे में पंगत प्रसादी ग्रहण की। आयोजन की सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए लगभग 500 सेवकों ने सेवाएं दीं, जबकि सुरक्षा और निगरानी के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इस अवसर पर दाऊ धाम के संत बलदेवाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महायज्ञ का उद्देश्य गौ सेवा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी को अपने घर में गाय पालने का संदेश देते हुए कहा कि जो लोग शहरों में रहते हैं, वे गाय नहीं रख सकते तो कम से कम एक गौ माता को गोद लेकर उसकी सेवा करें। उन्होंने गौ सेवा, सनातन धर्म के पालन, धर्म रक्षा तथा आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन यापन करने का संकल्प भी दिलाया। समापन अवसर पर क्षेत्र के संत-महात्मा व नागरिक भी मौजूद रहे।

## वकीलों के चैम्बर्स में वाटर कूलर का उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय न्यायालय परिसर में स्थित अधिवक्ता चैम्बर्स में वाटर कूलर का फीता काटकर उद्धघाटन बार एशोसिएशन के अध्यक्ष सूरजमल यादव, भामाशाह पृथ्वीराज बाफना, प्रेरक विजयसिंह बोरड़, एडवोकेट अशोक पारीक ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट पारीक ने कहा कि जयपुर रहते हुए भी पृथ्वीराज बाफना ने सुजानगढ़ में काफी जनसेवा के कार्य किए हैं, जिसके लिए बार एशोसिएशन आभारी प्रकट करता है। इस दौरान प्रेरक विजय सिंह बोरड़, बार एशोसिएशन अध्यक्ष सूरजमल यादव, एडवोकेट हरीशचंद्र पारीक, बनवारीलाल बिजारणिया, गोवर्धन चौधरी, बसंत कुमार बोरड़, ओमप्रकाश शर्मा, हरिप्रसाद दाधीच, मो. दयान, राजकुमार चायल, घनश्याम सैनी, हनुमान प्रजापत, मो इमरान, संतोष सोनी, राजाराम बोहरा आदि मौजूद रहे। संचालन एडवोकेट कमल गोयतान ने किया।

## तीन वाहनों की भिड़ंत, दो घायल,मची अफरा-तफरी

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** सालासर सड़क मार्ग पर गांव लूंछ के पास तीन वाहनों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिससे दो लोग घायल हो गए, जबकि लोक परिवहन बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस के अनुसार लोक परिवहन बस सालासर से रतनगढ़ की ओर आ रही थी, वहीं एक कैम्पर और कार सालासर की तरफ जा रही थी। रास्ते में राहगीरों को बचाने के दौरान बस और कैम्पर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही कार ने कैम्पर को टक्कर मार दी। हादसे में कैम्पर चालक बेगाराम (निवासी चाचियावाद) और कार चालक अजरूद्दीन (निवासी शोभासर) घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को थाने भिजवाया और सड़क पर यातायात सुचारु करवाया। फिलहाल घटना को लेकर कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## बीदासर में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे में रामनवमी के उपलक्ष्य में गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं विभिन्न हिन्दू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सीकर-नोखा रोड स्थित राणी सती मंदिर से प्रारंभ हुई इस शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में ओम् अंकित भगवा ध्वज, भगवान श्रीराम, बजरंग बली व अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गई। बैंड-बाजों, रथ, बग्गी, घोड़ी व डीजे के साथ निकली रैली जब कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरी तो जगह-जगह लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। 'घर-घर भगवा छाएगा, रामराज फिर आएगा ', 'राजतिलक की करो तैयारी, आ रहे हैं भगवाधारी' और 'वंदे मातरम, जय श्रीराम' जैसे उद्घोषों से पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा। युवाओं ने हाथों में केसरिया ध्वज लेकर पैदल व वाहनों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा कस्बा भगवा रंग में रंगा नजर आया। मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया तथा घरों के बाहर रंगोलियां बनाकर श्रद्धा प्रकट की।

शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए बाल बाड़ी भवन के पास पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसमें गढ़ के ठाकुर किशन राज सिंह बिदावत, विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, संजय कुमार मोदी, कमल सिंह दुगड़, धनराज सैन, अंकित सेठिया, सुजल सैन, शुभम जैन, गौरव भाटी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद रहा। तहसीलदार अमर सिंह बोचला, थाना सीआई दिलीप सिंह शेखावत, सुजानगढ़ सीआई पुष्पेंद्र झाझड़िया सहित सांडवा व छापर से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

## रामनवमी पर रतनगढ़ में शोभायात्रा निकाली

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार की शाम श्रीतालवाले बालाजी मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः तालवाले बालाजी मंदिर में पहुंची। शोभायात्रा में राम सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालक- बालिकाओं को विश्व हिंदू परिषद की तरफ से प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। 1100 निशानों के साथ मंदिर परिसर से रवाना हुई शोभायात्रा का देवकिशन स्मृति सेवा समिति, भारत विकास परिषद, मंगल भवन, भाजपा तथा कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं व व्यापारियों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान यात्रा में शामिल लोग राम नाम का कीर्तन करते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा, विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, मुरारीलाल पारीक, राजकुमार महर्षि, परमेश्वरलाल आत्रेय, कैलाश आत्रेय, रामदेव चंदनिया, वासुदेव चाकलान, अनिल लाटा, पीरूमल भोभरिया, ओमप्रकाश पुजारी, मुन्नी शर्मा, सरिता पड़िहार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## कन्या पूजन से घर में सुख, शांति व सम्पन्नता आती हैः झुंझुनूंवाला

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** अग्रवाल महिला मण्डल की प्रमुख व धर्मिक आस्था की पुरोधा पिंकी झुंझुनूंवाला ने कहा कि नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। व्रत रखने वाले भक्त कन्याओं को भोजन कराने के बाद ही अपना व्रत खोलते हैं। कन्याओं को देवी मां का स्वरूप माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन कन्याओं को भोजन कराने से घर में सुख, शांति व सम्पन्नता आती है। वे शुक्रवार को झुंझुनूंवाला हवेली में आयोजित कन्या पूजन धार्मिक कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि कन्या भोज के दौरान नौ कन्याओं का होना आवश्यक होता है. इस बीच यदि कन्याएं 10 वर्ष से कम आयु की हो तो जातक को कभी धन की कमी नही होती और उसका जीवन उन्नतशील रहता है, नवरात्रि में कन्या पूजन का बहुत महत्व है। आमतौर पर नवमी को कन्याओं का पूजन करके उन्हें भोजन कराया जाता है. लेकिन कुछ श्रद्धालु अष्टमी को भी कन्या पूजन करते हैं । नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के दिन कन्या भोजन का विधान ग्रंथों में बताया गया है. इसके पीछे भी शास्त्रों में वर्णित तथ्य यही हैं कि 2 से 10 साल तक उम्र की नौ कन्याओं को भोजन कराने से हर तरह के दोष खत्म होते हैं. कन्याओं को भोजन करवाने से पहले देवी को नैवेद्य लगाएं और भेंट करने वाली चीजें भी पहले देवी को चढ़ाएं. इसके बाद कन्या भोज और पूजन करें. कन्या भोजन न करवा पाएं तो भोजन बनाने का कच्चा सामान जैसे चावल, आटा, सब्जी और फल कन्या के घर जाकर उन्हें भेंटकर सकते हैं। इस दौरान शीवरतन, पिंकी तथा सुनीता झुंझुनूंवाला ने कन्याओं को भोजन करवाने के बाद उपहार व प्रसाद वितरण किया।

## मोहनपुरा खरकड़ा में धूमधाम से मनाया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** मोहनपुरा खरकड़ा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर दिलीप यादव मेहता हॉस्पिटल कोटपूतली के निदेशक ने विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आने वाली आगामी सर्दी के मौसम में रखते हुए सभी छात्र-छात्राओं के लिए कोट और स्वेटर उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की।इस दौरान डॉक्टर दिलीप यादव ने 29 मार्च को युवा जनजाति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित आठवें विशाल रक्तदान शिविर एवं निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर की जानकारी ग्रामीणों को दी और अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार अभय ने मुख्य अतिथि का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया तथा अन्य अतिथियों का भी सम्मान किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि विद्यालय स्टाफ की मेहनत के कारण कक्षा आठवीं बोर्ड का परिणाम हर वर्ष उत्कृष्ट रहता है। साथ ही प्रतिवर्ष एक विद्यार्थी का नवोदय विद्यालय में चयन होता है और कई विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करते हैं। कार्यक्रम के दौरान खरकड़ा निवासी स्वर्गीय मूलचंद सैन की यादगार में उनके पुत्रों ने विधालय परिसर में एक कमरे के निर्माण करवाने की घोषणा की।कार्यक्रम के अंत में सभी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय की प्रगति पर खुशी व्यक्त की है।

## जाजोद में श्री भोमियाजी महाराज का मेला 4 अप्रैल को

जयपुर टाइम्स




**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत जाजोद के लाखोला जोहड़े में स्थित श्री भोमियाजी महाराज का विशाल मेला 4 अप्रैल को आयोजित होगा। यह आयोजन ग्राम पंचायत जाजोद के समस्त ग्राम जनता के सहयोग से किया जा रहा है। मंदिर पुजारी महेंद्र बुरड़क ने बताया कि मेले से एक दिन पहले 3 अप्रैल रात्रि में जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुप्रसिद्ध गायक कलाकार राजेश चौधरी, कंचन सैन, सुपर डांसर रिया राठी (दिल्ली), तब्बु तोरावाटी और कॉमेडियन राकेश छैला (जयपुर) श्याम म्यूजिक कंपनी व राजेश चौधरी एंड पार्टी के साथ भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। मेले के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। इनमें वॉलीबॉल प्रतियोगिता प्रमुख है जिसमें विजेता टीम को 21 हजार रुपये और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। बच्चों के लिए 101 रुपये से 151 रुपये तक की दौड़ प्रतियोगिताएं होंगी जबकि कुश्ती प्रतियोगिताएं 51 रुपये से लेकर 2100 रुपये तक की श्रेणियों में करवाई जाएंगी। श्री भोमियाजी मेला समिति के संयोजकों ने बताया कि वॉलीबॉल टीम के लिए पंजीकरण 3 अप्रैल शुक्रवार को शाम 7 बजे तक किया जाएगा। पंजीकरण शुल्क 500 रुपये निर्धारित है और खिलाड़ियों को अपना पहचान पत्र जमा करवाना अनिवार्य होगा। श्री भोमियाजी मेला समिति के आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पधारकर दर्शनों का लाभ लेने की अपील की है।


## कार्यालय :- जिला एवं सत्र न्यायालय, चूरू

कमांकः-                    दिनांकः-

**नीलामी सूचना संख्या - 01**

राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से ई-वेस्ट रिसाईकलिंग करने हेतु पंजीकृत / वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत जो कम्प्यूटर उपकरणों से संबंधित विकय, रखरखाव का कार्य सम्पादित करते हों, उन फर्मों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में कम्प्यूटर उपकरण जिनका पुस्तक मूल्य रू. 8,56,688 /- है, की सार्वजनिक नीलामी कार्यालय परिसर में दिनांक 13.04.2026 को दोपहर 12:30 बजे की जानी है, जिसकी अमानत राशि रू. 17,134 /- दिनांक 13.04.2026 को प्रातः 11:30 बजे तक कार्यालय में जमा करवाकर नीलामी में भाग लिया जा सकता है। नीलामी योग्य सामग्री एवं शर्तों का अवलोकन कार्यालय समय में किया जा सकता है। किसी भी बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने का अन्तिम अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

अध्यक्ष (नीलामी समिति)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
चूरू (राज.)

DIPR/C/6148/2026

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH

No:- 2955-2970    Date :- 23/03/2026

**Notice Inviting Bid No 27/2025-26**

Bids for 02 (Two Nos) work are invited from interested bidders upto 12.00 PM dated 31.03.2026 Other Particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website th. The approximate value of the procurement is Rs. 9.80 Lacs

NIB No:- PWD2526A6263
1. PWD2526WSOB26178
2. PWD2526WSOB26179

DIPR/C/6102/2026

Executive Engiener
PWD Dn. Sujangarh

## कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति पाटन (सीकर)

क्रमांक : पंसपा / लेखा / 2025-26 / 691    दिनांक: 27-3-26

**निविदा सुचना संख्या 34/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सेवा कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मे जो राजस्थान जीएसटी अधिनियम में पंजीकृत है से दिनांक 30.03.2026 को 01.00 बजे तक बेची जाकर उसी दिन 2.00 बजे तक कार्यालय में जमा की जा सकेंगी। सामग्री / कार्य / सेवा का विस्तृत विवरण विकास अधिकारी पचांयत समिति पाटन कार्यालय एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. : PKP2526WSRC00408

विकास अधिकारी
पंचायत समिति पाटन

# स्कूल-कॉलेज के पास तंबाकू बिक्री पर सख्ती के निर्देश, नशा मुक्ति अभियान तेज होगा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाने और जिले में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालयों और महाविद्यालयों के आसपास बीड़ी, सिगरेट, गुटखा और तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों की बिक्री पूरी तरह रोकी जाए। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया। उन्होंने औषधि निरीक्षक को पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से मेडिकल स्टोरों की जांच करने और अनियमितता मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं



अधिकारिता विभाग को नशा मुक्ति अभियान संचालित करने तथा नशा मुक्ति भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने को कहा गया। साथ ही कार्ययोजना बनाकर आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के भंडारण व क्रय-विक्रय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि ऐसे मामलों की सूचना पुलिस को दें, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि विद्यालयों में पोस्टर, बैनर और रैलियों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए। इस दौरान उपखंड मजिस्ट्रेट सैपऊ बंशीधर योगी, समाज कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह जांगल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्म सिंह मीणा, औषधि निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर बालक छात्रावास में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 31 मई तक होंगे आवेदन

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित विद्यालय स्तरीय राजकीय अम्बेडकर छात्रावास लक्ष्मणगढ़ में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुक्रवार से प्रारम्भ हो गई है। छात्रावास अधीक्षक यादव कुमार शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार 27 मार्च से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।छात्रावास में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी एसएसओ पोर्टल के माध्यम से एसआईएमएस पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है। पूर्व में छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपनी गत वर्ष की अंकतालिका व प्रार्थना पत्र छात्रावास अधीक्षक को प्रस्तुत करना होगा। अधीक्षक की ओर से पोर्टल पर ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण कर नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। छात्रावास अधीक्षक यादव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े दिशा-निर्देश व विस्तृत जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील की गई है।

## आठ नई ट्रेनों के संचालन की मांग

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के अंतर्गत आने वाले रतनगढ़-डेगाना व रतनगढ़-रेवाड़ी रेल खंडों पर यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार के लिए प्रयास तेज हो गए हैं। रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अनिरूद्ध दायमा, रेल विकास समिति के अनिल भार्गव, कपड़ा व्यापार संघ के राजेश भावनानी, दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक रघुनंदन धर्ड़, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष प्रमोद इंदौरिया, रेडीमेड व हौजरी व्यापार संघ के प्रवीण महर्षि सहित शहर के कई सामाजिक संगठनों ने उत्तर-पश्चिमी रेलवे के महाप्रबंधक व बीकानेर मंडल रेल प्रबंधक के नाम पत्र लिखकर आठ नई ट्रेनों के संचालन की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि इन रेल मार्गों पर ट्रेनों की संख्या कम होने के कारण यात्रियों को लंबी दूरी तय करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से दक्षिण व पूर्वी भारत के लिए सीधी ट्रेनों की आवश्यकता है। पत्र में रामेश्वरम, बैंगलोर, ओखा, गुवाहाटी, चेन्नई, तिरुपति, दरभंगा, सहरसा के लिए क्षेत्र से ट्रेनों के संचालन की मांग की है।

## राम मन्दिर में सजाई झांकी रही आकर्षण का केंद्र



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर में गुरूवार को रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के प्रमोद मण्डावेवाला व राजेश मण्डावेवाला ने बताया कि रामनवमी महोत्सव पर मंदिर प्रांगण में गुरूवार शाम को शिव दरबार, राम दरबार, रामभक्त बालाजी, दुर्गामाता, शबरी के बेर खाते हुए राम लक्ष्मण की सजीव झांकी सजाई गई, जो सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। इस मौके पर महिलाओं व युवतियों ने झांकियां के साथ सेल्फी ली। इससे पूर्व मंदिर की भव्य सजावट की गई। इस बार सेल्फी पॉईन्ट बनाया गया, जिस पर अत्यधिक भीड़ रही। प्रमोद व राजेश मडावेवाला ने झांकियां का तिलकार्चन किया। इस मौके पर संत निरंकारी मण्डल ने जल सेवा में सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर गौरव मण्डावेवाला ने बाल कलाकारों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर श्याम सुंदर शर्मा, शिवकुमार शर्मा, सुरेश बजाज, राजीव बहड़, घड़सीराम, योगेन्द्र शर्मा, सुरेश कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों के लिए रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय ब्लड बैंक में रक्त की अनुपलब्धता और मरीजों की जरुरत को देखते हुए टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की प्रेरणा और अपील पर हर ग्रुप के रक्तदाता रक्तदान करने पहुंच रहे हैं। स्वर्णकार ने बताया कि रक्तदान कर मानवीय जीवन बचाने में लगे है लोग अपनी रूचि दिखा रहे हैं। इसी क्रम में मनीष शर्मा, आबिद पटवा, बाबूलाल प्रजापत, महेश सामरिया, मोहित प्रजापत, सत्य प्रकाश सैन, जितेन्द्र बागड़ी, किशन पुरोहित, सिपाही जय प्रकाश, सुभाष पिलानिया आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवीय फर्ज निभाया।

## 2 अप्रैल को 12 लाख की सराफ स्कॉलरशिप का वितरण, 72 विद्यार्थियों को मिलेगा सम्मान

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अशोक सराफ द्वारा स्थापित सराफ स्कॉलरशिप के 12वें संस्करण में पात्र विद्यार्थियों की घोषणा कर दी गई है। संस्था प्रधान उषा मिश्रा ने बताया कि श्री गांधी बाल निकेतन के कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2014 से संचालित इस योजना के तहत इस वर्ष 72 विद्यार्थियों को कुल 12 लाख रुपए की स्कॉलरशिप, मेडल व सम्मान पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम प्रभारी प्रिंसिपल दीपिका शर्मा के अनुसार 2 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में यह राशि वितरित की जाएगी। इस वर्ष की राशि सहित अब तक कुल 49 लाख रुपए का सहयोग विद्यार्थियों को दिया जा चुका होगा। इस अवसर पर कक्षा 10 में प्रथम स्थान प्राप्त योगिता व मानसी शर्मा को न्यायमूर्ति डॉ. बी. पी. सराफ शिक्षा सम्मान प्रदान किया जाएगा। वहीं रिया प्रजापत, मानसी प्रजापत, भास्कर स्वामी, खुशाल जांगिड़, लावण्या कौशिक व तविशा सांकृत्य को खेल सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा 72 विद्यार्थियों–यशवी चौधरी, निधि कंवर, प्रियंका स्वामी, हिमांशु भरतिया, माही, आशुतोष शर्मा, दीक्षा, उत्सव अग्रवाल, अनिशा शर्मा, शुभम भोजक, भाविका नोखवाल, कुमकुम सैनी, आदित्य पीपलवा, प्रणव सेवदा, प्रवीण शर्मा, राघव शर्मा, अंजलि प्रजापत, पार्थ सेवदा, श्रेया वर्मा, घनश्याम चौधरी, निकिता बारवाल, सुनन्दा सुनार, देवांक पारीक, प्रीतम सिंह राठौड़, अंजुमन, विष्णु कुमार मीणा, अंकित सराफ, हिमांशु सोनी, सिया माटोलिया, मुकेश कुमार लिम्बा, पीयूष कत्थक, विष्णु शर्मा, निकिता शर्मा, हरीश शर्मा, जतिन आत्रेय, विवेद इन्दौरिया, दीपक सोनी, देवेन्द्र सिंह, योगिता, हर्षिता मीणा, मानसी शर्मा, जिया उपाध्याय, रजत शर्मा, दिव्या वर्मा, प्रथम सराफ, अनुराधा स्वामी, यशराज भाटी, अन्तिमा प्रजापत, चित्रा सराफ, हेमन्त वर्मा, मुकुन्द शर्मा, कृष्ण कुमार सुनार, यश हरितवाल, सोनम भाटी, अनमोल शर्मा, धनिष्ठा सोनी, राघव कन्दोई, राधिका माटोलिया, सिद्धी बबेरवाल, राशि लाटा, युक्ति सराफ, नेहा सोनी, सिद्धार्थ बोचीवाल, उदय प्रताप कटारिया, कुमकुम कंवर, लोकेश प्रजापत, हर्ष वर्धन शर्मा, माधवी जोशी, दिशा सहल, मनीष, तमन्ना तथा कशिश बानो को स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। यह स्कॉलरशिप योजना विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## भगवान राम का जीवन हर युग में मानवता की प्रेरणाशक्ति : अगंददेव सिंह

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** श्रीराम मन्दिर, मण्डावा में रामनवमी पर आयोजित शोभा यात्रा के बाद आरती, हवन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर शोभायात्रा का समापन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मण्डावा राज परिवार के ठाकुर अगंददेव सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम की यह भव्य प्रतिमा स्थापत्य कला के उत्कृष्ट उदाहरण के साथ ही सत्य, धर्म, करुणा और कर्तव्य जैसे मानव जीवन के सर्वोच्च आदर्शों की जीवंत अभिव्यक्ति है। भगवान श्रीराम भारत की सांस्कृतिक चेतना के केन्द्र हैं और वे सुशासन, सामाजिक समरसता एवं नैतिक नेतृत्व के कालातीत आदर्श प्रस्तुत करते हैं।
राज्यपाल जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन यह संदेश देता है कि सत्ता सेवा का माध्यम हो, शक्ति संयम से संचालित हो तथा निर्णय लोकमंगल से प्रेरित हों। आधुनिक विकास की दौड़ में मानवीय मूल्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और श्रीराम के आदर्श हमें यह स्मरण कराते हैं कि वास्तविक विकास नैतिकता और करुणा के बिना संभव नहीं है।
शोभा यात्रा श्रीराम मन्दिर में पहुंचने पर श्री राम दरबार की महा आरती ठाकुर अंगद देव सिंह, एडवोकेट राजकुमार सैनी व समिति अध्यक्ष गणेश सैनी उमा हेमानी, सरोज मोदी, सरोज सिंघानिया, राजकमल वर्मा, महेंद्र सैनी, कन्हैया लाल सैनी, शिव प्रसाद मारोठिया, भारत बालान, बेगराज चोपदार, लालचंद चौपदार, अमित बुढ़ानिया, चंद बिहारी गुर्जर, कमल वर्मा नागरमल चौपदार, व सैकड़ो की संख्या में उपस्थित महिला व पुरुषों ने आरती में शामिल हुए।

## राजाखेड़ा में भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी राजाखेड़ा मंडल की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर व कार्यशाला की बैठक का आयोजनकिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के प्रभारी के रूप में हरेंद्र सिंह राव, मुख्य वक्ता विशम्बर दयालशर्मा उपस्थित रहे। जिन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यशैली एवं आगामी योजनाओं के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तोमर ने किया। मंडल वक्ता अनूप तिवारी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने के लिए कहा। पूर्व मंडल अध्यक्ष मधुसुदन शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रशिक्षणअभियान की जानकारी दी। जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके पश्चात मंडल अध्यक्ष सत्यम गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने, बूथ स्तर को मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करेंगे तो संगठन और अधिक सशक्त बनेगा और सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया इस अवसर पर मंडल की कार्यकारिणी नहिला मंडल अध्यक्ष जयवीर सिंह मंडल उपाध्यक्ष संदीप दीक्षित,प्रमोद सिंह, यशपाल सिंह मंडल महामंत्री प्रमोद तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश पहाड़िया, रसीद बैग, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामभरोशी नेता, रमाशंकर लहचोहिया, महेंद्र पहाड़िया, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजन ठाकुर, तपेंद्र सिंह,शिबशंकर उदैनिया, हरेंद्र सिंह व बीजेपी के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एवरग्रीन पब्लिक स्कूल ने किया होनहारों का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नया बास स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में मैरिट महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 10 वीं बोर्ड, कक्षा 8 व 5 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक रतन सैन के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले साक्षी प्रजापत, नंदिनी, नरेंद्र गुर्जर, इशरा, सिमरन, आमिर, सरीना व उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल संतोष सिगर, जालूसिंह, गिरधारीलाल गुर्जर, संतोष शर्मा, शांतिदेवी बजाज, इमरान खां दौलतखानी, दिलीप सेन, विकास सोनी आदि ने विद्यार्थियों और अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम में कक्षा 8 व पांच में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले होनहारों को भी सम्मानित किया गया। संचालन एचओडी देवांश सैन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के विमल दाधीच, चंदन गहलोत, श्रवण जाखड, अंतिमा टाक, नेहा सेन, सरिता स्वामी, मुस्कान करवा, शाकम्भरी माहेश्वरी, पलक कुमारी, शांति प्रजापत, खुशबू आदि का भी सम्मान किया गया। संस्था निदेशक रतन सैन ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा लक्ष्य है।

### भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान का समापन

## कार्यकर्ता ही देश विकास की रीढ़: कैलाश सोनी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी कोठी मंडल की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का दो दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। मंडल कार्यालय घंटाघर रोड पर आयोजित समापन सत्र में नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा व जिम्मेदारियों का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैलाश सोनी, मुख्य वक्ता धीर सिंह जादौन, मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य वक्ता धीर सिंह जादौन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रेरणा स्रोत थे और उनका जीवन संगठन को समर्पित रहा। हमें उनके विचारों से प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। वहीं मुख्य अतिथि कैलाश सोनी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की देश के विकास में अहम भूमिका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को डॉ. शिवचरण सिंह कुशवाह, कल्पना शर्मा, हेम



सिंह बघेला, विजय श्रीवास्तव, ओमप्रकाश कोली, विशाल सिंघल सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। संचालन विजय श्रीवास्तव ने किया तथा अध्यक्षता हेम सिंह बघेला ने की।
इस दौरान दिग्विजय सिंह राजावत, राजू सेन, शशि त्यागी, सुभाष पचौरी, रामकुमार कुशवाह, मुकेश कुलश्रेष्ठ, लक्ष्मण सिंह कोली, रविंद्र गर्ग सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मण्डावा में पुरस्कार वितरण समारोह आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** आनन्दपुरा अखाड़ा स्थित सरस्वती स्कूल में शनिवार को सुबह 10 बजे तरंगिनी 2026 व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। स्कूल निदेशक सुभाषचन्द्र कड़वासरा ने बताया कि इस दौरान विभिन्न शैक्षिक, सह शैक्षिक गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा और विद्यार्थियों की ओर से रोचक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।

RAJASTHAN STATE ROAD TRANSPORT CORPORATION
OFFICE OF THE CHIEF MANAGER , SARDARSHAHAR DEPOT
EMAIL ID - rsrtc.cmsds@yahoo.com

NOTICE INVITING BID

BID FORM FOR DEPOTWISE OPERATION OF 17 + Driver & above SEATER DELUXE VEHICLE IN THE RURAL AREA OF DEPOTS UNDER THE CONTROL OF RSRTC ON REVENUE SHARING BASIS BID FEES AND IMPORTANT DATES

Schedule of Bidding Activities

| S. N. | Item Description (Providing of vehicles) | Estimated quantity of vehicles | Cost of Bid documents (Non-refundable) in Rs | Bid processing fee (Non-refundable) in Rs | Bid Security for financial bid. (Refundable) in Rs | Pre-bid meeting date / Last date of bid submission / Opening date of Technical bid |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Operation of 17 + Driver & above seater Deluxe vehicle in the Rural area of depots under the control of RSRTC on Revenue Sharing basis | 01 | 11,800/- | 1500/- | 55,000/- per vehicle | - / 30-03-2026 17-00 hrs / 02-04-2026 11-00 hrs |

Note:-
1. All above events will be held at Sardarshahar Depot of Rajasthan State Road Transport Corporation (RSRTC).
2. In the event of the date specified above being declared as a holiday for Corporation the due date will be the following working day.

Tentative Route wise requirement for 17 + Driver & above seater Deluxe Vehicle in the Rural area of Sardarshahar depots under the control of RSRTC on Revenue Sharing basis is as mentioned below:-
UBN NO. RTC2526SLRC00895
विज्ञापन संख्या 438 / 2025–26
Raj.Samwad/C/25/23429
Chief Manager